
हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## नए नियम कब से, यह तय नहीं

व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं में उपस्थित कैंडिडेट्स की संख्या घटने का एक कारण निशुल्क आवेदन प्रक्रिया भी है। निशुल्क आवेदन होने के कारण छात्र थोक में आवेदन तो करते हैं, लेकिन परीक्षा दिलाने नहीं पहुंचते। इसे लेकर शासन द्वारा नवीन नियम की घोषणा की गई है। अब आवेदन करने वाले सभी छात्रों से शुल्क लिया जाएगा, लेकिन राशि केवल उन्हें ही लौटाई जाएगी, जो परीक्षा में शामिल होंगे। लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि शुल्क संबंधित नवीन नियम कब से प्रारंभ होंगे।



# पीईटी के लिए मिली थीं 20400 अर्जी, इनमें से 39% गायब, फॉर्मेसी में इंजीनियरिंग से भी कम हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को पीईटी-प्री इंजीनियरिंग टेस्ट और पीपीएचटी-प्री फॉर्मेसी टेस्ट का आयोजन किया गया। दोनों ही प्रवेश परीक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति 65 प्रतिशत भी पार नहीं कर पाई। पीईटी के लिए 20 हजार 400 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 61 प्रतिशत ही परीक्षा दिलाने पहुंचे रहे। इससे भी कम उपस्थित प्री फॉर्मेसी टेस्ट में रही। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से 53 प्रतिशत ने ही परीक्षा दिलाई। पीपीएचटी के लिए व्यापम को लगभग ▶▶|शेष पेज 13 पर

- गुरुवार को व्यापम ने आयोजित की पीईटी और पीपीएचटी
- प्री फॉर्मेसी टेस्ट के लिए मिले थे 32 हजार आवेदन, इनमें शामिल हुए 53% कैंडिडेट

### जुलाई से प्रारंभ हो सकती है काउंसिलिंग

पीईटी और पीपीएचटी में प्राप्त किए गए रैंक के आधार पर ही विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग महाविद्यालयों और फॉर्मेसी पाठ्यक्रमों में दाखिले दिए जाएंगे। अब प्रवेश परीक्षाओं के मॉडल आंसर जारी कर छात्रों से दावा-आपत्ति मंगाई जाएगी। इसके बाद अंतिम परिणाम जारी होंगे। इन नतीजों के आधार पर ही काउंसिलिंग के दौरान सीट आवंटन होगा। इस बार जुलाई माह से इंजीनियरिंग और फॉर्मेसी पाठ्यक्रमों में दाखिले प्रारंभ होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### सेकेंड हैंड कार विक्रेता के खिलाफ ठगी की शिकायत

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में बिरगांव की एक महिला पार्षद ने सेकेंड हैंड कार विक्रेता के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। शकुंतला धन्नू बंदे ने लालपुर स्थित नीरज मोटर्स के संचालक सागर वाधवानी के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला पार्षद ने पुलिस को बताया कि उनके पति ने 16 फरवरी 2023 को सागर के पास से एक इनोवा कार खरीदी थी। कार में खराबी आने की वजह से पार्षद का पुत्र कार विक्रेता को कार वापस लौटाने गया और कार के एवज में दी गई रकम वापस मांगी। इस पर कार विक्रेता ने पार्षद के बेटे को एक लाख 60 हजार रुपए का चेक दिया। कार विक्रेता ने उसी कार को बाद में किसी और को बेच दिया। शेष रकम वापस मांगने पर सागर पैसे जल्द वापस लौटाने का झांसा देकर पार्षद तथा उनके बेटे को गुमराह करता रहा।

### नशीली सिरप बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने तीन तस्करों के कब्जे से 125 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप जब्त की है। जब्त सिरप की कीमत 30 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने नशीली सिरप के साथ रवि तमेर, राजेश पंचेश्वर तथा विनय सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों को भनपुरी के पास घेराबंदी कर पकड़ा।

### फार्म हाउस में हुक्का पार्टी आयोजक गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने मंगलवार को फुंडहर स्थित आदित्य फार्म हाउस में हुक्का पार्टी करने वाले आयोजक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विकास सिंह बरोई को गिरफ्तार किया है। साथ ही फार्म हाउस संचालक के खिलाफ पुलिस ने कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### मोबाइल लूटकर एक्टिवा सवार बदमाश फरार

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने दो अज्ञात दो बदमाशों के खिलाफ मोबाइल लूट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुशालपुर निवासी अभिनव सिन्हा ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अभिनव ने पुलिस को बताया कि सुंदरनगर में वह टहलते हुए अपने मोबाइल से बात कर रहा था। इस दौरान एक्टिवा सवार दो बदमाश अभिनव के करीब पहुंचे और मोबाइल लूटकर मौके से फरार हो गए।

---

तीन माह में सभी गाड़ियों में नंबर प्लेट लगाना संभव नहीं

# 31 लाख वाहन, 3 लाख अर्जियां, लगी सिर्फ एक लाख नंबर प्लेट, गलती ऐसी कि एक ही गाड़ी में दो नंबर


सुरेंद्र शुक्ला ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट ( एसएचआरपी) तमाम कोशिशों के बाद अब तक 80 फीसदी वाहनों में नहीं लग पाई है। इसे लगाने के लिए में आ रही परेशानियों को देखते हुए अधिकतर वाहन चालक ऑनलाइन आवेदन करने के साथ ही आरटीओ कार्यालय और परिवहन सेवा केंद्र के चक्कर लगा रहे हैं। स्थिति यह है कि जिस नंबर का आर्डर दिया गया, उसके बदले दो अलग-अलग नंबर एक ही गाड़ी को दे दिया। वहीं कई ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने 15 दिन पहले ऑनलाइन आर्डर किया था, उनका नंबर नहीं आया है। तीन-चार दिन पहले का डेट दिया गया था, उसका नंबर अब तक नहीं आया। ऐसे में निर्धारित तिथि से सप्ताह से दस दिन विलंब ▶▶|शेष पेज 13 पर

### हर दिन एक सेंटर में बमुश्किल ढाई सौ प्लेट लग पा रही

- नंबर प्लेट आने में लग रहा 15 से 20 दिन
- 15 दिन पहले ऑनलाइन ऑर्डर नंबर नहीं आया





### एचएसआरपी नंबर लगाने 5 टीम

वाहनों में एचएसआरपी नंबर लगाने के लिए 80 टीमें प्रदेश भर के सभी जिलों में मोबाइल वैन के जरिए कैंप करेगी। इसमें रायपुर में 5 टीम में बनाई गई है। शहर में पगारिया काम्पलेक्स, मैग्नेटो मॉल तेलीबांधा, भाटागांव और दो अन्य स्थान तय हैं। जहां पर एचएसआरपी नंबर लगाए जा रहे हैं वहां पर भारी अफरातफरी देखी गई है।

### एक गाड़ी, दो अलग-अलग नंबर प्लेट

पगारिया काम्पलेक्स में एक वाक्या ऐसा भी आया जिसमें रिखी राम को एक गाड़ी के लिए दो अलग-अलग नंबर प्लेट दिया गया। आगे का नंबर सीजी 04 एलडब्ल्यू 6333 है। वहीं पीछे के नंबर प्लेट में उनका नंबर सीजी 04 एलडब्ल्यू 6338 दिया है। पिछले माह 16 अप्रैल को उसे नंबर प्लेट इश्यू किया गया। आज दिनांक तक उसकी समस्या का समाधान नहीं किया गया। वह रोज फिटमेंट सेंटर का चक्कर लगा रहा है। उसे केवल आश्वासन दिया जा रहा है कि नंबर प्लेट आने पर फोन कर सूचना देंगे। ऐसे आधा दर्जन से अधिक मामले हैं।

### गाड़ियों में नंबर लगाने घंटों इंतजार

एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने लोगों को घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह कार्यालय खुलते ही लोगों की भीड़ लग जाती है। फिर उनका आर्डर देखकर उन्हें टोकन नंबर दिया जाता है। दिनेश कुमार ने बताया कि घंटे भर बाद जिनका टोकन कटा है उनका नंबर ढूंढकर रखा जाता है। फिट करने वाले के पीछे वाहन मालिकों को अपने क्रम का घंटो इंतजार करना पड़ता है। प्लेट लगाने में पांच से दस मिनट लगता है, लेकिन फिटमेंट सेंटर में पांच-छह लगाने वाले कर्मी हैं। भरी गर्मी में रोज ढाई सौ से अधिक लोग एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने आ रहे हैं। संबंधित एजेंसियों को कर्मियों की संख्या बढ़ाने कहा गया था, लेकिन अब तक नहीं बढ़ाया गया है।

---

# ट्रैफिक पुलिस का चालान अनदेखी करने पर अब कोर्ट का चक्कर लगाना पड़ेगा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**चालान जमा नहीं करने पर स्वतः ही 90 दिनों के भीतर वर्चुअल कोर्ट में स्थानांतरित हो जाएगा**

हरिभूमि सरोकार

यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर काटे जाने वाले ई-चालान की राशि जमा करने किसी भी तरह से अनदेखी नहीं की जा सकती। ई-चालान की राशि जमा नहीं करने पर 90 दिन के भीतर चालान स्वतः ही वर्चुअल कोर्ट में स्थानांतरित हो जाएगा। इसके बाद बाद चालान पटाने वाहन स्वामी को कोर्ट जाना पड़ेगा। वर्तमान में ड्रंक एंड ड्राइव जैसे मामलों के साथ जो लंबे समय से चालान की राशि जमा नहीं करते थे, उन मामलों को ही ट्रैफिक पुलिस कोर्ट भेजती थी। नया नियम एक अप्रैल से लागू हो गया है।

ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के अनुसार जिन वाहन मालिकों का ई-चालान कटता है, वे ट्रैफिक थाने में आकर अपने जुर्माना राशि जमा कर देते हैं। कई ऐसे वाहन स्वामी हैं, जिनका ई-चालान कटा है, बावजूद इसके जुर्माना राशि जमा करने में कोताही बरतते हैं। ऐसे वाहन मालिकों को अब अनिवार्य रूप से 90 दिन के भीतर ट्रैफिक थाना आकर या फिर ▶▶|शेष पेज 13 पर



### एक साल में 30 हजार से ज्यादा पेंडिंग

ट्रैफिक पुलिस के रिकार्ड के मुताबिक ई-चालान जमा नहीं करने वाले वाहन चालकों की संख्या एक साल में करीब 30 हजार मामले पेंडिंग हैं। इस लिहाज से हर माह करीब ढाई हजार वाहन मालिक जिनका ई-चालान काटा गया है, वे जुर्माना राशि जमा करने में कोताही बरत रहे हैं।

### डाक के बजाय मोबाइल में आएगा मैसेज

वर्तमान में ट्रैफिक उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को मोबाइल के साथ डाक के माध्यम से चालान भेजे जाने का नियम है। जिन लोगों को डाक के माध्यम से चालान भेजा जाता है। उनको चालान मिलने में 15 दिन का समय लग जाता है। कई मामलों में घर का पता सही नहीं होने की वजह से चालान तामिल नहीं हो पाता। ट्रैफिक उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को उनके मोबाइल से चालान भेजे जाने पर पेंडिंग चालान की संख्या में कमी आएगी।

### मोबाइल नंबर अपडेट हो रहा

एक अप्रैल 2019 के पूर्व जितने भी पुराने वाहन हैं, उनमें से ज्यादातर के मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक अप्रैल 2019 के पूर्व के जितने पुराने वाहन हैं, उनमें अनिवार्य रूप से हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए मोबाइल नंबर अपडेट करवाना जरूरी है। आने वाले समय में सभी वाहन मालिकों का मोबाइल नंबर अपडेट हो जाएगा। इसके बाद ट्रैफिक नियम तोड़े जाने पर वाहन मालिक को तत्काल जुर्माना पटाने मैसेज आ जाएगा।

---




---

दिव्यांगता के प्रकार का विकल्प देना भूल गया था व्यापम

# अजब व्यापम की गजब हरकतें... परीक्षा होने के 11 माह बाद पूछ रहे दिव्यांगता के प्रकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छग लोक सेवा आयोग में हुई धांधलियों के बाद अब अभ्यर्थी व्यापम की परीक्षा विधियों से भी परेशान होते जा रहे हैं। आवेदन मांगे जाने, कैंडिडेट्स द्वारा फॉर्म भरे जाने और परीक्षा होने के बाद अब व्यापम पूछ रहा है कि यदि वे दिव्यांग हैं तो उसका प्रकार क्या है? मामला सेट-2024 का है। व्यापम द्वारा उच्च शिक्षा ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 21 जुलाई को आयोजित की गई थी राज्य पात्रता परीक्षा अर्थात सेट

### ...तो हो जाएंगे अपात्र

व्यापम ने अपनी दिव्यांगता का प्रकार अपडेट करने के लिए 9 मई से 13 मई तक का समय दिया है। इसके साथ ही व्यापम ने यह स्पष्ट किया है कि ऐसी अभ्यर्थी जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन में दिव्यांगता के कॉलम में हां भरा है, लेकिन अपने प्रोफाइल में दिव्यांगता का प्रकार निर्धारित तिथि ▶▶|शेष पेज 13 पर



### 9 महीनों से रिजल्ट का इंतजार

अभ्यर्थियों ने 21 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा यानी सीजी सेट दिलाया था। 9 महीनों का समय गुजर जाने के बाद भी व्यापम अब तक परिणाम जारी नहीं कर सका है। इसके बीच प्रोफाइल अपडेट करने फरमान जारी कर दिया गया है। नतीजे जारी नहीं होने के कारण युवा महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। 6 मार्च को व्यापम ने पेपर-1 के मॉडल आंसर जारी किए थे। इसके बाद परिणाम जारी करने की दिशा में कोई कदम व्यापम द्वारा नहीं उठाए गए।

# राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन पूरा, वितरण शुरू पर भंडारण में देर से हितग्राही-संचालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का भौतिक सत्यापन का काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही सभी दुकानों में हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण का काम भी प्रारंभ हो गया है, लेकिन अभी भी कई राशन दुकानों में डिमांड के अनुसार भंडारण नहीं हो पाया है, जिसके कारण इन दुकानों में हितग्राहियों को चावल, शक्कर एवं नमक लिए बगैर लौटना पड़ रहा है। इधर इस मामले में खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि राशन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण में देर की शिकायतें आई हैं। इसे लेकर नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर (नान) को निर्देशित किया है कि जल्द से जल्द मई माह के लिए आबंटित खाद्यान्न का राशन दुकानों में भंडारण करें, ताकि हितग्राहियों को बार-बार दुकानों का चक्कर लगाना नहीं पड़े। इधर इस मामले में नान रायपुर के अधिकारियों का कहना है कि जिलेभर में लगभग सात सौ राशन दुकानें हैं। इन सभी दुकानों में भंडारण करने में समय लगता है, जिससे कई दुकानों में भंडारण करने में देर हो जाती है।

- डेढ महीना पहले भेजा गया था निर्देश
- अब 13 मई तक काम पूरा करने कहा



### चालू माह में भंडारण के लिए खाद्यान्न का आबंटन एक माह पहले

उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण का काम खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम करता है। इसके तहत सभी राशन दुकानों में चालू माह में वितरण करने वाले खाद्यान्न के भंडारण का काम निगम द्वारा एक माह पहले ही किया जाता है, ताकि चालू माह में दुकानों में खाद्यान्न हर दिन उपलब्ध रहे, ताकि कोई भी हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय दुकान से खाद्यान्न ले सके। इस व्यवस्था के बावजूद पिछले करीब 6 महीने से कई राशन दुकानों में चालू माह खत्म होने के बाद भी भंडारण नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण हर महीने जिलेभर में सैकड़ों की संख्या में हितग्राहियों को खाद्यान्न मिल नहीं पा रहा है।

### अंतिम तारीख तक नहीं लेने पर लैब्स हो जाता है खाद्यान्न

राशन दुकानों में प्रत्येक माह के लिए खाद्यान्न का भंडारण किया जाता है, वहीं हितग्राहियों को भी खाद्यान्न उसी महीने का मिल पाता है, जिस महीने के लिए खाद्यान्न आबंटित किया गया है, लेकिन जो हितग्राही दुकान में भंडारण नहीं होने से खाद्यान्न ले नहीं पाता है तो उस महीने का खाद्यान्न भी लैब्स हो जाता है, क्योंकि राशन दुकान की ऑनलाइन ई-पॉस मशीन में बैक माह का खाद्यान्न वितरण करने का आप्शन ही नहीं है। इस तरह नान की लापरवाही के कारण हितग्राहियों को खाद्यान्न लैब्स हो रहा हैं।

### नान अफसर को जारी हो चुका है नोटिस

राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन के दौरान खाद्य विभाग को कई दुकानों में चालू महीने का खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों की जानकारी कलेक्टर गौरव सिंह तक पहुंची थी, जिसके बाद उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नान रायपुर के अफसर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि इस नोटिस का जवाब एक दिन के भीतर मांगा गया था।इस नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि नान अफसर को जवाब लेकर खुद कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होना है, लेकिन नोटिस जारी किए एक सप्ताह से भी ज्यादा समय हो चुका हैं, लेकिन अभी तक न ही नोटिस का जवाब नहीं दिया गया है और न ही राशन दुकानों में भंडारण की व्यवस्था में सुधार आया है।

### भौतिक सत्यापन के दौरान मिली है शिकायतें

> कलेक्टर के निर्देश पर सभी राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया है। इस दौरान कई दुकानों में देरी से भंडारण किए जाने की शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों के बाद कलेक्टर के निर्देश पर नागरिक आपूर्ति निगम की अधिकारी को कारण बताओ नोटिस भेजा है, जिसका जवाब अभी आया नहीं है।
>
> - भूपेंद्र मिश्रा,

## नल कनेक्शन हटाने गई टीम को लोगों ने रोका कार्यवाही में आया व्यवधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका अभनपुर मे विभिन्न वार्डों में अवैध नल कनेक्शन एवं मुख्य पाइप लाइन से कनेक्शन की लिखित एवं मौखिक शिकायत पर नगर पालिका परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से अवैध नल कनेक्शन को विच्छेद किए जाने एवं नियमति करने करने 10 हजार रूपये शुल्क लेकर नियमतिकरण करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा टीम का गठन कर नल का नियमतिक रण एवं विच्छेद करने के लिए आदेश जारी कर 8 मई को जांच टीम द्वारा वार्ड क्रंमाक 1 में अवैध नल कनेक्शन विच्छेद किए जाने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर कार्यवाही की गई जिसमें कुछ -कुछ लोगों द्वारा व्यवधान उत्पन्न कर कार्यवाही को बाधित किया गया जिसके कारण नगर पालिका की टीम वापस आ गई। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश तिवारी ने कहा कि नगर के सभी लोगों को सामान रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए जनप्रतिनिधियों व आमनागरिकों का सहयोग जरूरी है। पालिका में लिए गए निर्णय अनुसार अवैध नल कनेक्शन को वैध किए जाने के लिए निर्धारित शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त कर वैध कराया। नल कनेक्शन विच्छेद किए जाने की कार्यवाही से बचा जा सकता है। आने वाले दिनों में अवैध नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही पुलिस बल की उपस्थिती में वार्ड क्रंमाक 1 से 15 तक की जायेगी।

## खबर संक्षेप



### शराब जब्त,आरोपी गिरफ्तार

**आरंग।** आरंग पुलिस ने गुरुवार को अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरंग थाना प्रभारी ने बताया की ग्राम छटेरा, आरंग निवासी आरोपी सुमरन चेलक 65 वर्ष पिता दयादास चेलक मुनीबाबा रोड़ मे अपने नए घर के सामने छोटे-छोटे झाड़ में एक लाल रंग के प्लास्टिक बोरी में 96 पौवा देशी शराब छुपाकर रखा था। शराब की मात्रा 17 लीटर कीमत 9600रू लगभग, जिसे बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 258/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर गिरफ्तार क न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में केन्द्रिय जेल रायपुर रवाना किया गया।

### स्वमी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश के लिए लॉटरी 10 को

**मंदिर हसौद।** मंदिर हसौद स्थित मातृ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नया सत्र 2025 -26 में प्रवेश के लिए कक्षा पहली और नवमी के लिए 10 मई को समय 11:00 लॉटरी जाएगा । जिसमें प्राचार्य शाला विकास समिति अध्यक्ष सभी कमेटी मेंबर पालकगण नोडल अधिकारी की उपस्थिति में लॉटरी निकाला जाएगा जिसमें सम्मिलित होने के लिए नोडल अधिकारी ने सभी पालकों को सम्मिलित होने की अपील किया।

### ग्राम सकरी में शेड निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**मंदिर हसौद।** विधान सभा के पास स्थित ग्राम पंचायत सकरी में गोडमोर तालाब में सेड निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। जिसमे सरपंच सोनल प्रशांत कुर्रे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि लोकेश साहू ,उपसरपंच पूर्णिमा सिन्हा, पंच गण हेमा नीलकण्ठ निषाद, नरसिह ध्रुव,लक्ष्मीनारायन दिवाकर,घनश्याम पाल, संतरा डहरिया, लोमेश ध्रुव,लीला सिन्हा,महेंद्र गेन्द्रे, अरुण लहरी, प्रीति रात्रे,अलका कुर्रे, नारायण पाल, सचिव राजेश्वरी, पंच सजनी लहरे,गुंजन, ईश्वर,उमेश, जागेश्वर कुर्रे, नेहा गेन्द्रे,नरेंद्र लहरें एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### मदर्स प्राइड स्कूल में बोर्ड का परिणाम उत्तम



**आरंग।** छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 07 मई को घोषित किया गया। जिसमें मदर्स प्राइड स्कूल आरंग के छात्र व छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा। इस वर्ष कक्षा दसवीं में चांदनी ध्रुव 90% हासिल कर प्रथम, गरिमा सक्सेना 76.83% के साथ द्वितीय रही। संस्था प्रमुख जगदम्बा ध्रुव, कुमार शुक्ला, प्राचार्य अजय कुमार पटेल एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं व उनके पालकों को उनके इस सफलता के लिए बधाई दी गई ।

## पीएमश्री विद्यालय में 10वीं 12वीं का रिजल्ट अच्छा रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

पीएमश्री अरुंधती देवी उत्कृष्ट विद्यालय आरंग का रिजल्ट अच्छा रहा। अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 12 कॉमर्स में हिया चन्द्राकर 91% के साथ प्रथम, प्रतिभा साहू, 87.8% के साथ द्वितीय एवं अवनी गुप्ता, 83% के साथ तृतीय स्थान पर रहे, जबकि कक्षा 12वी विज्ञान संकाय में घनश्याम साहू 87.8% के साथ प्रथम, सन्ध्या साहू 81% के साथ द्वितीय एवं वसुंधरा चन्द्राकर 80.8% के साथ तृतीय स्थान पर रही। वही कक्षा 10वी से आदित्य सच कपूर, 95.5%, कोमल वर्मा, 94.16% एवं मुक्ता पाल, 93.5% अंक लेकर विद्यालय के टॉप थ्री में स्थान बनाया। अंग्रेजी माध्यम का रिजल्ट हर बार की तरह इस बार भी अच्छा रहा, अंग्रेजी माध्यम कक्षा दसवी में 90% एवं 12 विज्ञान में 97% एवं वाणिज्य में 92% रिजल्ट रहा। कक्षा मे सफल रहे सभी छात्र-छात्राओं ने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। हिंदी माध्यम में कक्षा दसवी में भूपेश गायकवाड़ 89.7%, बलराम साहू, 74% एवं रवि कुमार शंख, 68.5% के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। हिंदी माध्यम से कक्षा 12 विज्ञान में पुणेश्वर कुर्रे, 61% के साथ प्रथम स्थान तथा 54.6% के साथ होमेश साहू, द्वितीय स्थान पर रहे। वही कक्षा 12 वाणिज्य में यमन मिर्धा 69.2% के साथ प्रथम स्थान पर, पीयूष मिर्धा 61.6% के साथ द्वितीय स्थान पर एवं मानव देवांगन, 60.2% के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

## एम्बिशन इंग्लिश मीडिया का परिणाम उत्तम रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

एम्बिशन इंग्लिश मीडिया स्कूल,धरसींवा ने इस वर्ष कक्षा 10वीं के परिणामों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। स्कूल के चार होनहार विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराकर संस्थान और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है,

कु. उपाली साहू ने 88.83% अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। महक गुप्ता ने भी 88.66% अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शुभम पटेल और तरुण वर्मा ने संयुक्त रूप से 81.16% अंक प्राप्त कर सफलता की। इस मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। इन प्रतिभाशाली छात्रों के अलावा, आसना खान, 76%, लता निषाद, 70%, डिगेश्वर साहू, 66% और साहित्य साहू, 62% ने भी अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त कि है। अंचल के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले एम्बिशन इंग्लिश मीडियम स्कूल ने



एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। इस उपलब्धि ने न केवल स्कूल का मान बढ़ाया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। एम्बिशन इंग्लिश मीडिया स्कूल की यह सफलता निश्चित रूप से क्षेत्र के शिक्षा जगत के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है।

## धनेश्वरी 12वीं की परीक्षा में मेरिट सूची में रहीं 7वे स्थान

**मंदिर हसौद।** शिक्षा किसी क्षेत्र विशेष का मोहताज नही होती। लगन हो तो गांव में भी शहरों से बेहत्तर पढ़ाई की जा सकती है। इस बात को साबित किया है बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में स्थान बनाने वाले धनेश्वरी यादव मंदिरहसौद के शा. उ. कन्या मा. विद्यालय में पढ़ाई की। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में मंदिरहसौद की छात्रा धनेश्वरी यादव ने प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त कर मंदिरहसौद, विद्यालय और पूरे यादव समाज का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक सफलता पर गांव में हर्ष का माहौल है। वहीं विद्यालय परिवार और समाजजनों ने छात्रा को शुभकामनाएं दी हैं।

### ग्रामीणों ने सफलता पर दी शुभकामनाएं



धनेश्वरी यादव ने मंदिरहसौद स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से पढ़ाई करते हुए यह मुकाम हासिल किया। धनेश्वरी ने 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर यह सफलता प्राप्त की है। ग्रामीण क्षेत्र से होने के बावजूद उसने कठिन परिश्रम, समर्पण और आत्मविश्वास के बल पर यह उच्च स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य कन्नौजे ने छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि धनेश्वरी की सफलता न केवल विद्यालय के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह समस्त ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। ग्रामीणों व यादव समाज ने धनेश्वरी को मिली सफलता पर प्रशन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, विद्यालय के शिक्षकों और अपने परिश्रम को दिया। धनेश्वरी बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाकर समाज सेवा करना चाहती है।

## 10वीं की बोर्ड परीक्षा में फनीष राशिमं सिलयारी में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी



सरस्वती शिशु मंदिर एवं हाईस्कूल सिलयारी में कक्षा 10वीं में परीक्षा 2025 के अन्तर्गत कुल 25 छात्र-छात्राओं में 80% छात्र-छात्राओं उत्तीर्ण हुए, जिसमें छात्र-छात्रों ने टॉप किये हैं। फनीष कुमार साहू 89.3% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, गौरव वर्मा 80.5% अंक द्वितीय स्थान प्राप्त किए।कक्षा 9वीं कुल दर्ज 33 में 100% विधार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें गुंजन साहू 95.8%अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किए है। केन्द्रीयकृत परीक्षा 2025के अन्तर्गत कक्षा 8वीं में कुल दर्ज 36मे 97%विधार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें मानसी सेन93%अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किए। कक्षा 5वीं में कुल दर्ज 41में 100%विधार्थी उत्तीर्ण हुए। अंकित वर्मा 93% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया इनकी इस कामयाबी हासिल करने पर समिति के अध्यक्ष केमन सिन्हा, उपाध्यक्ष ईश्वर बघेल। विधालय के प्राचार्य आलोक दत्ता आचार्य ,दीदी ने सभी



छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## श्वेता सिन्हा 10वीं की परीक्षा में रहीं प्रथम

**अभनपुर।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल अभनपुर की छात्रा श्वेता सिन्हा 10वी बोर्ड परीक्षा मे 96.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अभनुपर निवासी श्वेता सिन्हा शुरू से ही मेधावी छात्र रही है। उनके इस सफलता पर विधायक इन्द्रकुमार साहू, सिन्हा समाज प्रदेशाध्यक्ष युवराज सिन्हा, जिलाध्यक्ष



राजेन्द्र सिन्हा, शांतनु सिन्हा,नपा अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,सहकारी समिति प्राधिकृत अधिकारी प्रदीप शर्मा,नीलकमल गिलहरे,मुरारी दास वैष्णव,भागवत सिन्हा आदि गणमान्य नागरिको ने श्वेता सिन्हा को बधाई प्रेषित किया है।

## गोढ़ी में सुशासन तिहार, समस्याओं का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

पारदर्शिता और समाधान के संकल्प के साथ चल रहे सुशासन तिहार के तीसरे चरण में धरसींवा विधानसभा के ग्राम गोढ़ी में शिविर का आयोजित किया गया। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने इस अवसर पर किसानों को ऋण पुस्तिका, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, ट्राइसाइकिल और मछली पालकों को आइस बॉक्स वितरित किए। साथ ही, उन्होंने भूमिहीनों को जमीन का मालिकाना हक दिलाने के लिए पट्टे भी प्रदान किए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर गौरव सिंह, पुलिस अधीक्षक लाल उमेन्द्र सिंह, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा की गरिमामय उपस्तिथि रही।

### विधायक अनुज शर्मा ने किसानों को ऋण पुस्तिकाएं बांटी



शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विधायक अनुज शर्मा से सीधे संवाद कर अपनी समस्याओं को रखा। विधायक अनुज शर्मा ने ग्रामीणों की बातों को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने राजस्व विभाग की कथित उदासीनता और ग्राम पंचायत गोढ़ी के सचिव को हटाने की मांग भी रखी। विधायक शर्मा ने ग्रामीणों को उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य सरकार को जनता के दरवाजे तक लाना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हर पात्र नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि यह तिहार केवल आवेदन लेने या समस्याएं सुनने का अभियान नहीं है, बल्कि यह जनता और शासन के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु बन चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश में आयोजित शिविरों में लगभग 3लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से रायपुर जिला आवेदनों के निराकरण में प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष शकुंतला ढीलेन्द्र सेन,जनपद प्रतिनिधि गणेशन मूर्ति, परसतराई पूर्व सरपंच हेमन्त वर्मा, संदीप यद्दु, दिनेश खुटे, सहित अनेक अधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 1376 आवेदन में मात्र 101 शिकायत के आवेदन

# समोंदा समाधान शिविर में समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गुरुवार को सुशासन तिहार के तहत नगर पंचायत समोदा में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें सभी विभागों ने स्टॉल लगाए गए। शिविर में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर, उपाध्यक्ष अंगेश्वर देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवकुमार साहू, जनपद सभापति लुकेश साहू सहित समस्त पार्षदों की उपस्थिति रहे। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर ने संबोधित करते हुए सुशासन का महत्व बताया। साथ ही शिविर में अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने को कहा। इस मौके पर रायपुर नगर निगम आयुक्त



विश्वदीप सिंह व एस.डी.एम पुष्पेंद्र शर्मा पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का निरीक्षण किया। साथ ही हितग्राहियों को, राशन कार्ड, प्रमाण पत्र, कृषि सामग्री, पौधे, दुर्घटना में मृत परिवार को चेक प्रदान किया गया। सभी विभागों ने प्राप्त आवेदनों का निराकरण प्रस्तुत किया। शिविर में कुल 1376 आवेदन आए। जिसमें 1275 मांग के और 101 शिकायत के रहे जिनका पूर्ण निराकरण का आस्वासन दिया। आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजूला मिश्रा ने किया।

मंच का क्रमिक संचालन महेन्द्र कुमार पटेल, भूषण जलक्षत्री और ढालेन्द्र साहू ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तहसीलदार सीता शुक्ला, नायब तहसीलदार गजान सिदार विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी ऋषि बंजारे सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति व सहभागिता रही। शिविर के आयोजन संयोजन में अहम भूमिका रही। एस अवसर पर नगर पंचायत समोदा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजूला मिश्रा सहित समस्त अधिकारी कर्मचारियों का रहे।

## सशिमं तिल्दा के विद्यार्थियों ने किया कमाल

**तिल्दा-नेवरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा का कक्षा 10वी एवं 12वी कक्षा में बोर्ड का वार्षिक परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। दसवीं का शत प्रतिशत परिणाम गत 7 मई को परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई। जिसमें डॉ. अम्बेडकर बाल कल्याण समिति तिल्दा-नेवरा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा का 10वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 29 विद्यार्थीयों ने भाग लिए और सभी ने सफलता हासिल किए। विद्यालय के 21 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 8 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। कुश यदु पिता कमलेश यदु ने 97.5 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे तिल्दा ब्लॉक में प्रथम एवं रायपुर जिले में पांचवा स्थान अर्जित कर विद्यालय के साथ तिल्दा नेवरा ब्लॉक को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के



प्राचार्य, आचार्य गण, विद्यालय प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य परीक्षा परिणाम प्रसंशा की एवं उनके उज्वल भविष्य कीशुभकामनाएं दी। पुष्कर साहू पिता गजेन्द्र कुमार साहू ने 92.17 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्रेमा वर्मा पिता सुरेश वर्मा,-छात्राओं को बधाई एवं उज्वल की शुभकामनाएं की है। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से 8विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 2विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में आए हैं। इस कक्षा में निखिल डाण्डे पिता संतोष कुमार डाण्डे 91.4 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार आस्था वर्मा पिता,ओमप्रकाश वर्मा ने 88.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा मीनाक्षी मिश्रा पिता शशिकांत मिश्रा ने 84.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। विद्यालय के परीक्षा परिणाम कि जानकारी प्रभारी नरेश कुमार साहू ने दी।



### रक्तदान शिविर का आयोजन

**तिल्दा-नेवरा।** 8मई 2025 को रायपुर जिला कलेक्टर के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेस चौधरी के मार्ग दर्शन में विश्व रेड क्रॉस दिवस 8 मई 2025को रक्त दान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमा पैंकरा, जिला रेड क्रॉस चेयरमैन राजू शर्मा , वाइस चेयरमैन डॉक्टर प्रीति नारायण, कोषाध्यक्ष,पल्लवी नितीन पाण्डेय, प्रबंध समिति सदस्य डॉक्टर श्वेता सोनवानी, रेड क्रॉस ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर एस. एन. पाण्डेय, प्रबन्ध समिति के सदस्य गजेन्द्र डोंगरे, ब्लॉक कार्यकम प्रबंधक ममता सुनामी, सुंदरलाल जसवानी निरंकारी समाज, आदि उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### पीएससी के पूर्व अध्यक्ष पिस्दा के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी केआर पिस्दा के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि पिस्दाजी एक कुशल प्रशासक, कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार और लोकप्रिय अधिकारी थे। उन्होंने दंतेवाड़ा और कांकेर कलेक्टर सहित अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए विकास के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहने का संबल प्रदान करें।

### नक्सल मामले में सीएम और गृह मंत्री के बयान में विरोधाभास : बैज

**रायपुर।** नक्सल मामले में मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के अलग-अलग बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नक्सल मामले में मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के बीच शीत युद्ध चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन संकल्प अभियान जिक्र करते हुए ऑपरेशन की सफलता पर पीठ थपथपा रहे हैं। 22 नक्सलियों के शव बरामद होने की जानकारी दे रहे हैं। जवानों को बधाई दे रहे हैं और प्रदेश को नक्सली मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ाना बता रहे हैं। वहीं राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा मुख्यमंत्री के बयान के विपरीत 22 नक्सलियों के मारे जाने की खबर को भ्रामक बता रहे हैं और संकल्प नाम से कोई भी ऑपरेशन नहीं चलने की जानकारी दे रहे हैं। आखिर प्रदेश की जनता किसके बयान पर भरोसा करे?

### हाट-बाजार उन्नयन के लिए 3.76 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने मुंगेली नगरपालिका में दो कार्यों के लिए तीन करोड़ 75 लाख 70 हजार रुपए मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा अपने मुंगेली प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं को पूर्ण करने सूडा द्वारा यह राशि स्वीकृत की गई है। राशि स्वीकृति के संबंध में सूडा द्वारा मुंगेली नगरपालिका के सीएमओ को परिपत्र जारी किया गया है। सूडा द्वारा मुंगेली नगरपालिका में हाट-बाजार उन्नयन कार्य के तहत बुधवारी बाजार के उन्नयन के लिए एक करोड़ 80 लाख 98 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। उद्यान उन्नयन कार्य के अंतर्गत पुष्पवाटिका के उन्नयन के लिए भी एक करोड़ 94 लाख 72 हजार रुपए की स्वीकृति सूडा द्वारा दी गई है।

### पीएमजीएसवाय के राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक का दौरा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राज्य में बन रही ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अब तृतीय स्तर का निरीक्षण किया जाएगा। इस क्रम में राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक मई माह में राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी नई दिल्ली द्वारा जारी निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक पंकज बकाया मई माह में राज्य के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में हुए निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे।

### खेल-खेल में बच्चों को मिल रही अध्यात्म और राजयोग की शिक्षा

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित एकेडमी फॉर-ए-पीसफुल वर्ल्ड शांति शिखर में आयोजित समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए श्री सत्यसाईं हास्पिटल के चेयरमैन श्रीनिवास राव ने ब्रह्माकुमारी बहनों के तपस्वी जीवन और समर कैंप की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में दैवीय गुणों से संपन्न बहनों को देखकर मैं आश्चर्यचकित रह जाता हूं। यहां के शांत और पवित्र वातावरण को देखकर मेरा भी समर कैंप में शामिल होने का मन कर रहा है।

# धान की नीलामी में बेस रेट से कम बोली लगाने वालों को प्राइज मैचिंग का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मार्कफेड द्वारा सरप्लस धान 33 लाख मीट्रिक टन के लिए नीलामी में व्यापारियों ने अधिकतर जिलों में 1900 से 1950 रुपए की बोली लगाई। वहीं दुर्ग और राजनांदगांव जिले के कुछ जगहों पर संग्रहण केंद्र में रखे धान के लिए 2050 से 2100 रुपए की बोली लगाई है।

अधिकतर व्यापारियों ने 1400 रुपए से लेकर 1700 रुपए तक की बोली लगाई है। इस नीलामी में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम दर वाले एच-1 निविदाकर्ता को 5 से 6 मई तक ऑनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से प्राइस मैचिंग का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। यदि किन्हीं कारणों से एच-1 निविदाकार द्वारा प्राइस मैच नहीं किया गया हो, तो उनको प्राइस मैचिंग के लिए पुनः अवसर प्रदान किया जा रहा है। वह स्टेक जिनका एच-1 निविदाकार द्वारा प्राइस मैच नहीं किया गया है, उन स्टेकों को एच-1 निविदाकार सहित अन्य निविदाकारों एवं नये इच्छुक बोलीकर्ता को 9 मई तक प्राइस मैचिंग का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

- दुर्ग और राजनांदगांव में 2050 से 2100 रुपए तक लगी बोली
- शुक्रवार के बाद नए सिरे से बोली होगी शुरू



### सभी बिडरों को दिया जा रहा मौका

एम-जंक्शन के ऑनलाइन प्लेटफार्म में पंजीकृत सभी बिडर इस निविदा में भाग ले सकते हैं एवं सभी पंजीकृत बिडर को आगामी सभी बिडिंग की समय-सारणी ई-मेल के माध्यम से दी जा रही है। इसके अतिरिक्त बिडर एम-जंक्शन की वेबसाइट से भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अब तक ढाई लाख मीट्रिक टन धान की बिक्री 17 से 23 अप्रैल के बीच बोली के दौरान हो चुकी है। कम बोली लगाने वालों को बेस रेट में ही लें इसके लिए एक मौका दिया जा रहा है।

### संग्रहण केंद्रों से हो रही नीलामी

धान के संग्रहण केंद्रों में रखे धान की मात्रा के अनुसार अलग-अलग स्टैक तैयार किए गए हैं। 1200 क्विंटल का एक स्टैक बना है। बोली लगाने वाले तीन स्टैक या उससे अधिक की बोली लगा सकते हैं। सरकार द्वारा तय किए गए बेस रेट से कम कीमत आने पर उन्हें प्राइज मैचिंग का आप्शन दिया जा रहा है। ऑनलाइन निविदा के माध्यम से पूरे धान का निराकरण हो, इसका प्रयास लगातार किया जा रहा है।

# राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन पूरा, वितरण शुरू पर भंडारण में देर से हितग्राही-संचालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का भौतिक सत्यापन का काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही सभी दुकानों में हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण का काम भी प्रारंभ हो गया है, लेकिन अभी भी कई राशन दुकानों में डिमांड के अनुसार भंडारण नहीं हो पाया है, जिसके कारण इन दुकानों में हितग्राहियों को चावल, शक्कर एवं नमक लिए बगैर लौटना पड़ रहा है। इधर इस मामले में खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि राशन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण में देर की शिकायतें आई हैं। इसे लेकर नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर (नान) को निर्देशित किया है कि जल्द से जल्द मई माह के लिए आबंटित खाद्यान्न का राशन दुकानों में भंडारण करें, ताकि हितग्राहियों को बार-बार दुकानों का चक्कर लगाना नहीं पड़े। इधर इस मामले में नान रायपुर के अधिकारियों का कहना है कि जिलेभर में लगभग सात सौ राशन दुकानें हैं। इन सभी दुकानों में भंडारण करने में समय लगता है, जिससे कई दुकानों में भंडारण करने में देर हो जाती है।



### चालू माह में भंडारण के लिए खाद्यान्न का आबंटन एक माह पहले

उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण का काम खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम करता है। इसके तहत सभी राशन दुकानों में चालू माह में वितरण करने वाले खाद्यान्न के भंडारण का काम निगम द्वारा एक माह पहले ही किया जाता है, ताकि चालू माह में दुकानों में खाद्यान्न हर दिन उपलब्ध रहे, ताकि कोई भी हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय दुकान से खाद्यान्न ले सके। इस व्यवस्था के बावजूद पिछले करीब 6 महीने से कई राशन दुकानों में चालू माह खत्म होने के बाद भी भंडारण नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण हर महीने जिलेभर में सैकड़ों की संख्या में हितग्राहियों को खाद्यान्न मिल नहीं पा रहा है।

### अंतिम तारीख तक नहीं लेने पर लैब्स हो जाता है खाद्यान्न

राशन दुकानों में प्रत्येक माह के लिए खाद्यान्न का भंडारण किया जाता है, वहीं हितग्राहियों को भी खाद्यान्न उसी महीने का मिल पाता है, जिस महीने के लिए खाद्यान्न आबंटित किया गया है, लेकिन जो हितग्राही दुकान में भंडारण नहीं होने से खाद्यान्न ले नहीं पाता है तो उस महीने का खाद्यान्न भी लैब्स हो जाता है, क्योंकि राशन दुकान की ऑनलाइन ई-पॉस मशीन में बैक माह का खाद्यान्न वितरण करने का आप्शन ही नहीं है। इस तरह नान की लापरवाही के कारण हितग्राहियों को खाद्यान्न लैब्स हो रहा हैं।

### नान अफसर को जारी हो चुका है नोटिस

राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन के दौरान खाद्य विभाग को कई दुकानों में चालू महीने का खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों की जानकारी कलेक्टर गौरव सिंह तक पहुंची थी, जिसके बाद उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नान रायपुर के अफसर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि इस नोटिस का जवाब एक दिन के भीतर मांगा गया था।इस नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि नान अफसर को जवाब लेकर खुद कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होना है, लेकिन नोटिस जारी किए एक सप्ताह से भी ज्यादा समय हो चुका हैं, लेकिन अभी तक न ही नोटिस का जवाब नहीं दिया गया है और न ही राशन दुकानों में भंडारण की व्यवस्था में सुधार आया है।

### भौतिक सत्यापन के दौरान मिलीं शिकायतें

> कलेक्टर के निर्देश पर सभी राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया है। इस दौरान कई दुकानों में देरी से भंडारण किए जाने की शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों के बाद कलेक्टर के निर्देश पर नागरिक आपूर्ति निगम की अधिकारी को कारण बताओ नोटिस भेजा है, जिसका जवाब अभी आया नहीं है।
>
> **- भूपेंद्र मिश्रा**
> खाद्य नियंत्रक रायपुर

## कांग्रेस निकालेगी प्रदेश स्तरीय तिरंगा यात्रा, आज राजधानी में होगा आयोजन

**सैनिकों के शौर्य को करेंगे नमन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी 9 मई को प्रदेश स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालेगी। यात्रा के माध्यम से कांग्रेस सैनिकों के शौर्य को नमन करेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। राजधानी में यह यात्रा पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर में यह यात्रा सुबह 10 बजे से 11 बजे तक निकाली जाएगी।

राजधानी में इंदिरा गांधी चौक कालीबाड़ी से कोतवाली और मालवीय रोड होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचेगी। लगभग एक किलोमीटर लंबी इस यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी शामिल होने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा, यह तिरंगा यात्रा हमारे देश के वीर जांबाज सैनिकों की वीरता और शौर्य को समर्पित होगी। उनके सम्मान में कांग्रेस पार्टी यह ऐतिहासिक निर्णय लेकर तिरंगा यात्रा निकाल रही है, ताकि आने वाले समय में उनका मनोबल और अधिक बढ़ सके। यात्रा पीसीसी अध्यक्ष के साथ प्रभारी सचिव और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहेंगे।

### अन्य जिलों में भी निकलेगी यात्रा

उन्होंने बताया कि रायपुर के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिलों में भी यह यात्रा निकाली जाएगी। सभी जिलों को इस संबंध में निर्देश भेजे जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम में भाग ले सकें। वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

## निकायों ने नहीं भेजा पीएम आवासों की स्वीकृति का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने नगरीय निकायों से इस बात को लेकर गहरी नाराजगी जताई है कि राज्य के निकायों ने शासन के निर्देशों के बाद भी पीएम आवास योजना शहरी बीएलसी घटक के लिए के आवासों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव ही नहीं भेजा। निकायों के इस कदम को सूडा ने अत्यंत खेद का विषय बताया है। अब निकायों से कहा गया है कि वे 13 मई तक ये प्रस्ताव भेजें।

### ये है मामला

प्रधान मंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत वेब पोर्टल पर दर्ज आवेदनों का शत प्रतिशत सत्यापन तथा विस्तृत परियोजना भेजने के लिए नगरीय निकायों को 13 मार्च को पत्र भेजा गया था। इस पत्र के माध्य से शासन द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए थे। इसी संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव ने 23 अप्रैल को समीक्षा बैठक में भारत सरकार के युनिफाइड़ वेब पोर्टल पर पीएम आवास शहरी 2.0 बीएलसी घटक में आवास के लिए दर्ज आवेदनों का शत प्रतिशत सत्यापन करते हुए पात्र हितग्राहियों का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए गए थे।

### अब सूडा ने जताई नाराजगी

इस मामले को लेकर राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने प्रदेश के सभी आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिक अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को भेजे गए पत्र में कहा है कि यह अत्यंत खेद का विषय है कि शासन के निर्देशों के बाद आज तक आवासों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव प्रेषित नहीं किया गया है। अब सूडा ने कहा है 13 मई तक पात्र हितग्राहियों का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर मय जिला स्तरीय समिति से अनुमोदित प्रस्ताव अनिवार्य रूप से सूडा को भेजें।

# रजिस्ट्री कार्यालय से नामांतरण, पटवारियों का घटा बस्ता, इसलिए दफ्तरों में भी सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री का नामांतरण का अधिकार पंजीयन कार्यालयों को दिया जा रहा है। इसकी शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के चुनिंदा पंजीयन कार्यालयों में हो गई है। इस तरह रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण भी पंजीयन कार्यालय से होने लगे हैं। यह सिस्टम आगामी एक-दो महीने के भीतर प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालयों में भी शुरू हो जाएगा। इधर शासन द्वारा लाए गए इस नए सिस्टम से जहां लोगों को बड़ी राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर इससे पटवारियों के काम का बस्ता भी घटा है, जिसके कारण अब पटवारी दफ्तरों में भी दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है। इससे पहले नामांतरण कराने के लिए लोगों को पटवारी के दफ्तरों से लेकर तहसीलों के चक्कर काटने पड़ते थे, जो नए सिस्टम के शुरू होने के बाद से लगभग बंद है।

**केस 1**

लालपुर क्षेत्र में कमल विहार ब्रिज के पास स्थित पटवारी के दफ्तर में शाम करीब 4 बजे सन्नाटा पसरा मिला। यहां एक महिला पटवारी खाली बैठी मिली। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी रजिस्ट्री का नामांतरण जब से पंजीयन कार्यालय से होने का सिस्टम लागू हुआ है, उसके बाद से रजिस्ट्री नामांतरण के प्रकरण आना बंद हो गए हैं।

**केस 2**

पुजारी काम्पलेक्स स्थित पटवारी के दफ्तर में भी दोपहर 1 बजे सन्नाटा पसरा रहा। यहां भी एक-दो लोग ही मिले जो दूसरा काम लेकर पहुंचे हुए थे। यहां के पटवारी ने भी बताया कि रजिस्ट्री नामांतरण के प्रकरण अब नहीं आ रहे हैं।

**केस 3**

गोंदवारा स्थित पटवारी दफ्तर में भी दोपहर करीब 12 बजे सन्नाटा पसरा रहा। यहां का पटवारी सीमांकन के काम से फिल्ड पर गया हुआ था, जिसके कारण यहां कोई नहीं मिला।

### जहां नया सिस्टम लागू नहीं उन तहसील क्षेत्रों के पटवारी दफ्तरों में भी भीड़ नहीं

रायपुर जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरंग एवं नवा रायपुर पंजीयन कार्यालय में नया सिस्टम लागू है। विभागीय अधिकारियों की मानें, तो जल्द ही यह सिस्टम रायपुर पंजीयन कार्यालय में भी शुरू हो जाएगा। इसके लिए तैयारी भी की जा रही है। पंजीयन कार्यालय में नामांतरण की सुविधा शुरू होने से आरंग और नवा रायपुर तहसील क्षेत्र के पटवारियों की पूछ-परख भी कम हो गई है, जिसके कारण इनके दफ्तर भी खाली नजर आने लगे हैं। रायपुर पंजीयन कार्यालय में अभी तक नया सिस्टम जरूर शुरू नहीं हुआ है, लेकिन यहां के पटवारियों की भी पूछ-परख कम हो गई है।




हरिभूमि ने गुरुवार को निगम क्षेत्र के कई पटवारी दफ्तरों की पड़ताल की, जिसमें ज्यादातर जगह सन्नाटा पसरा मिला। कहीं दफ्तर बंद मिले, तो कहीं पटवारी अकेले बैठे मिले।

### पटवारियों के पास कई काम

> रजिस्ट्री नामांतरण का काम सिर्फ पटवारी नहीं करेंगे, लेकिन इसके अलावा फौती नामांतरण, नक्शा बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य कई तरह के काम पटवारी ही करेंगे।
>
> **- पवन कोसमा,**
> तहसीलदार रायपुर

### सीमांकन, नक्शा बंटवारा सहित कई काम पटवारी ही करेंगे

इधर कुछ पटवारियों ने बातचीत में बताया कि प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के नामांतरण का अधिकारी उपपंजीयकों को दिया है, लेकिन इससे पटवारियों को ज्यादा राहत नहीं मिली है। जमीन का सीमांकन से लेकर परिवार में प्रॉपर्टी का नक्शा बंटवारा, फौती नामांतरण सहित अन्य कई तरह के काम पटवारी ही करेंगे।

**बैज ने कहा- पीसीसी का निर्णय मानना होगा**

# कांग्रेसी पार्षदों ने निशर्त वापस लिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच कांग्रेस के पांच पार्षदों का पत्र सामने आया। इन पार्षदों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर इस्तीफा वापस लेने और पार्टी के फैसलों को मानने की बात कही है। पत्र में पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से हुई बातचीत पर संतुष्टि जताते हुए कहा, वे पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं और नेतृत्व के हर निर्णय का सम्मान करेंगे।

विगत दिनों पीसीसी अध्यक्ष के निवास पर हुई। बैठक में सभी पार्षदों और शहर अध्यक्ष ने पीसीसी से माफी मांगते हुए निशर्त अपना इस्तीफा वापस लिया और पार्टी की रीति नीति का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध होने की बात भी कही। आकाश तिवारी को नगर निगम रायपुर में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद पीसीसी ने लेखराम साहू की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने निगम में कांग्रेस के सभी आठ पार्षदों से चर्चा करने किया इसके बाद मामले में हल निकला की प्रदेश कांग्रेस ने जो निर्णय लिया है उसे मानेंगे।

### आकाश को नेता प्रतिपक्ष बनाने पर बनी सहमति

पत्र में पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से हुई बातचीत पर संतुष्टि जताते हुए माना फैसला



### 15 नेताओं से चर्चा के बाद निपटा मामला

समिति ने 15 नेताओं से मामले में चर्चा की। बताया गया है कि उन्होंने वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पंकज शर्मा, विकास उपाध्याय, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, प्रमोद दुबे, सुबोध हरितवाल, पंकज मिश्रा सहित अन्य नेताओं से अलग-अलग चर्चा की। मामले में यह पाया गया कि नगर निगम सभापति को शहर अध्यक्ष ने जो पत्र भेजा उस पर सहमति नहीं थी। मामले में जितने लोगों से चर्चा किया गया उसमें भी यह बात सामने आई। पार्षदों को इस मामले में एक तरफा रूख अपनाए जाने का दोषी पाया गया। वहीं पीसीसी के निर्णय की अवहेलना करने के कारण अनुशासन हीनता कर रहे हैं।

### शहर अध्यक्ष ने लिखा पत्र

नेता प्रतिपक्ष को लेकर समिति के पूरी जांच में यह पाया गया कि शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे की गलती के कारण पार्षदों ने इस्तीफे का कदम उठाया। मामले में पार्षद भी शहर अध्यक्ष के संपर्क में थे। वहीं साहू समाज को कांग्रेस के विरोध में खड़े करने का प्रयास पार्षदों ने किया। मामले में पीसीसी अध्यक्ष के निवास पर हुई बैठक में मामले में घिरे शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने भी माफी मांगी और निगम सभापति को आकाश तिवारी के नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का पत्र लिखा।

## भ्रष्टाचार के आरोपी निगम आयुक्त के खिलाफ 9 साल बाद मुकदमे की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी बनाए गए नगर निगम रायगढ़ के तत्कालीन आयुक्त प्रमोद कुमार शुक्ला के खिलाफ राज्य सरकार ने अभियोजन की अनुमति दी है। खास बात ये है कि आरोपी अधिकारी के खिलाफ वर्ष 2016 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था।

बरसों तक इस प्रकरण में आरोपी के खिलाप अभियोग पत्र (चालान-मुकदमा) की अनुमति नहीं मिली। अब 9 साल बाद सरकार के विधि एवं विधायी विभाग ने अभियोजन की अनुमति दी है। इस मामले में अभियोजन की अनुमति के लिए प्रमुख सचिव विधि




एवं विधायी विभाग को पत्र भेजा गया था। अब इस विभाग ने 4 अप्रैल को एक पत्र जारी कर अभियोजन स्वीकृति की सहमति दी है। इस मामले में फंसे निगम आयुक्त प्रमोद कुमार शुक्ला अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनके खिलाफ वर्ष 2016 में रायगढ़ कोतवाली में धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी. और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और धार 13 (1) घ के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।

## खबर संक्षेप

### विनय बने दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष



**रायपुर।** जिला दवा विक्रेता संघ के चुनाव संपन्न हो गए हैं। विनय कृपलानी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अश्विनी विग वरिष्ठ उपाध्यक्ष और संजय रावत सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी ठाकुर राजेश्वर सिंह एवं सहायक चुनाव अधिकारी पंकज कोचर ने बताया, कार्यकारणी के 30 पदों के लिए 5 मई को संकल्प पैनल के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं पूरी कार्यकारणी के 30 सदस्यो ने नामांकन पत्र जमा किया था। जांच उपरांत सभी नामांकन पत्र सही पाये गए। 7 मई को नाम वापसी की समय सीमा के पश्चात किसी भी उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र वापस नहीं लेने के कारण सभी 30 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

### इंग्लिश डिप्लोमा के परिणाम 100 प्रतिशत

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा डिप्लोमा इन यूरोपियन एंड एशियन लैंग्वेज इंग्लिश के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। 6 छात्रों ने इसकी परीक्षा दिलाई थी। सभी छात्रों को विवि द्वारा उत्तीर्ण घोषित किया गया है। रविवि ने नतीजे अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। इसके अतिरिक्त एमसीए, एमबीए, बीबीए के विभिन्न सेमेस्टर के पुनर्मूल्यांकन नतीजे भी जारी किए गए हैं।

### वाष्पयंत्र निरीक्षक के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वाष्पयंत्र निरीक्षक भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 4 मई को आयोजित की गई थी। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगा। मॉडल आंसर पर दावा-आपत्ति के लिए 16 मई तक का समय दिया गया है। प्रक्रिया सहित विस्तृत जानकारी पीएससी ने अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

### पीएटी व पीवीपीटी के प्रवेश पत्र जारी

रायपुर। व्यापम द्वारा प्री एग्रीकल्चर टेस्ट तथा पीवीपीटी के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। ये प्रवेश परीक्षाएं 15 मई को आयोजित होगी। 8 मई को व्यापम ने इनके प्रवेश पत्र अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही छात्रों को एसएमएस के जरिए लिंक भी भेज दिया है। छात्र इसमें क्लिक करके भी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

## निधन

### पंकज बैद

**रायपुर।** वॉलफोर्ट एनक्लेव निवासी पंकज बैद (50) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे संपतमल बैद के पुत्र, संजय बैद के भाई थे।



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर - 10**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 09/05/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आफरीन पति स्व. अब्दुल कलीम, नमरा रिजवी पिता स्व. अब्दुल कलीम, ना.बा. मोहम्मद फराज पिता स्व. अब्दुल कलीम रिजवी वली मां आफरीन निवासी नेहरू नगर रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मण्डल - 10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 221/6 रकबा 0.0190 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब / अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 29/04/2025 के परिपालन में दिनांक 15/05/2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वंय अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा / आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरिक्षक
रायपुर

# महापौर ने हॉटल, लॉज संचालकों को दी हिदायत, बिना आईडी प्रूफ के कमरा देने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## गांधी सदन में हॉटल, लॉज संचालकों की बुलाई बैठक

महापौर मीनल चौबे ने शहर के हॉटल, लॉज संचालकों की गुरुवार को महात्मा गांधी सदन स्थित मेयर कक्ष में बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि शहर में सुरक्षा की दृष्टि से किसी को भी बिना आईडी प्रूफ के हॉटल व लॉज में रूम न दें। ऐसा नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। हॉटलों में नियम अनुसार व्यवस्थित रूप से वाहन पार्किंग की व्यवस्था प्रबंधन करे।

राष्ट्रीय स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में रायपुर शहर को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर बनाने में महापौर मीनल चौबे ने सहयोग मांगा। लॉज संचालकों से उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल आयटम का उपयोग बंद किया जाये। 50 किलोग्राम प्रतिदिन से ज्यादा कूड़ा उत्पन्न करने वाले संस्थान बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आते हैं, उन्हें अपना गीला व सूखा कचरा स्वयं प्रोसेस करना है।



इसकी तैयारी की जाये।

महापौर मीनल चौबे ने बैठक में कहा कि प्रत्येक माह जीरो वेस्ट इवेंट किया जाना है। हॉटल व लॉज संचालकों से कहा है कि शौचालय को सीधे नालियों से न जोड़ा जाए। सेप्टिक टैंक की सफाई अनाधिकृत लोगों से न करावें। सीएसआर के अंतर्गत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए महापौर ने बैठक में शामिल हॉटल व लॉज संचालकों से सहयोग करने के लिए कहा। नाश्ता व खाना परोसने के लिए चीनी मिट्टी, स्टील के बर्तनों का प्रयोग किया जाये। हॉटल के बाहर कचरों का जमाव न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।

बैठक में अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के सहायक अभियंता योगेश कडु, सहायक अभियंता नगर निवेश सोहन गुप्ता सहित शहर के हॉटल व लॉज संचालक उपस्थित रहे।

### गुरुद्वारा से लौट रही महिला को बदमाश ने अटारी ले जाकर की थी लूट

# लिफ्ट देने के बहाने बुजुर्ग महिला से लूट, फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बुजुर्ग महिला को लिफ्ट देने का झांसा देकर अटारी के सूनसान इलाके में ले जाकर लूट करने वाले बदमाश को आमानाका तथा क्राइम ब्रांच की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक्सीडेंट में घायल बदमाश रामनगर के एक अस्पताल में उपचार कराने आया था, तब पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने लूट के आरोप में जिस बदमाश को गिरफ्तार किया है, वो पोलियोग्रस्त है। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने साढ़े तीन लाख रुपए से ज्यादा के सोने के जेवर जब्त किए है।

लूट के आरोप में पुलिस ने भिलाई निवासी ज्वाला बैरागी को गिरफ्तार किया है। दुर्गादास लालवानी की 85 साल की सास 27 अप्रैल को सुबह गुरुद्वारा से घर लौट रही थी। इसी दौरान बदमाश ने महिला को घर छोड़ने का झांसा देकर अपनी एक्टिवा में बैठा लिया। उम्रदराज होने की वजह से महिला कई बार भूल जाती है, इस वजह से उसे पता नहीं चला कि वह जिसके साथ लिफ्ट लेकर जा रही है, वह उसे कहां ले जा रहा है।



### बेदर्दी से कान से खींचकर निकाली बाली

महिला के विरोध नहीं करने पर बदमाश उसके साथ हमदर्दी पूर्वक बातचीत करते नंदनवन, अटारी मार्ग ले गया। इसके बाद सूनसान रास्ते में गाड़ी रोक कर महिला का गला दबाया, जिससे महिला बेहोश हो गई। बेहोश होने के बाद बदमाश ने महिला के हाथ से दो जोड़ी सोने के कंगन तथा कान में पहनी सोने की बाली को बेदर्दी से खींचकर निकाल लिया। खींचकर बाली निकालने की वजह से महिला के दोनों कान कट गए।

### घटना के बाद पूरे दिन शहर में घूमता रहा

*बुजुर्ग महिला के साथ लूट करने के बाद बदमाश आउटर के क्षेत्र से होते हुए शहर के अंदर दाखिल हुआ और पूरे दिन शहर के अंदर घूमता रहा। लिफ्ट लेने की सही लोकेशन नहीं मिलने की वजह से पुलिस को बदमाश का लोकेशन ट्रेस करने में परेशानी हो रही थी। इस वजह से पुलिस ने बदमाश की पहचान करने 25 किलोमीटर के दायरे में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। तब पुलिस बदमाश की शिनाख्ती कर पाई। पुलिस को एक जगह के सीसीटीवी कैमरे में पीछे की तरफ महिला का बदमाश के साथ जाते सीसीटीवी फूटेज मिला था। इसके बाद पुलिस ने बदमाश को उसके हुलिया के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया। ज्वाला के खिलाफ भिलाई में पूर्व में भी पाकिटमारी तथा लूट के अपराध दर्ज हैं।*

# पुनर्मूल्यांकन से पहले मिलेगी उत्तरपुस्तिका की फोटोकॉपी, इसे देखकर तय करेंगे-अर्जी दें या नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों के बाद की प्रक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। बोर्ड ने यह फैसला छात्रों को अधिक पारदर्शिता और आत्मनिर्भरता देने के उद्देश्य से लिया है। अब छात्र पुनर्मूल्यांकन या अंकों की पुष्टि से पहले अपनी जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकेंगे। इससे उन्हें यह समझने में आसानी होगी कि किस प्रश्न पर कितने अंक मिले हैं और क्या मूल्यांकन सही तरीके से किया गया है। नई प्रक्रिया के अनुसार, छात्रों को अब सबसे पहले अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करनी होगी। इससे वे अपने उत्तर और प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए अंकों को देख सकेंगे, जिससे उन्हें अपने प्रदर्शन का अधिक स्पष्ट रूप से आकलन करने में मदद मिलेगी। इंतजार कर रहे विद्यार्थी परिणाम जारी होने के बाद ही फोटोकॉपी, सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू कर पाएंगे।

- पारदर्शिता लाने बदली गई व्यवस्था, इस वर्ष से लागू
- छात्र पुनर्मूल्यांकन से पहले जान सकेंगे-किसमें कटे हैं नंबर

### ऐसी थी पुरानी प्रक्रिया

पिछली प्रणाली के तहत, छात्र एक विशिष्ट क्रम में तीन-चरणीय प्रक्रिया का पालन करते थे। वे पहले अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन करते थे, जिसमें योग में त्रुटियों की जांच करना शामिल था। उसके बाद, वे अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते थे। अंत में, उम्मीदवारों के पास विशिष्ट प्रश्नों के पुनर्मूल्यांकन का अनुरोध करने का विकल्प था। सीबीएसई ने अभी तक कक्षा 10वीं और 12वीं के रिजल्ट की आधिकारिक तारीख घोषित नहीं की है। 44 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को अपने 10वीं-12वीं के रिजल्ट का इंतजार हैं। 2024 में बोर्ड ने 13 मई को कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित किए थे।

### छात्र कर सकेंगे चुनाव

एक बार जब उनके पास फोटोकॉपी आ जाती है, तो वे तय कर सकते हैं कि उन्हें अगले चरणों के साथ आगे बढ़ना है या नहीं। यदि वे चाहें, तो वे अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसमें यह जांच करना शामिल है कि उनके उत्तरों के अंकन, योग या मूल्यांकन में कोई त्रुटि थी या नहीं। छात्र पुनर्मूल्यांकन के लिए भी आवेदन कर सकते हैं, जहां विशिष्ट प्रश्नों या उत्तरों का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है। उम्मीदवार अपने निरीक्षण के आधार पर सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन दोनों का विकल्प भी चुन सकते हैं।

# पांच दशक पुराना 96 टेनामेंट परिसर जर्जर, खाली कराने 1 माह का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

टिकरापारा की आरडीए कालोनी का 96 टेनामेंट अपार्टमेंट टूटेगा। 50 साल पुराने जर्जर हो चुकी बिल्डिंग को जर्जर घोषित करने रायपुर विकास प्राधिकरण ने जिला कलेक्टर को प्रस्ताव भेजा था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। साथ ही शासन ने इसकी अनुमति दे दी है। इस स्थान पर अब प्राधिकरण 8 मंजिला नया भवन बनवायेगा। इसमें पुरानी बिल्डिंग में सालों से रह रहे 96 प्रभावित परिवारों को 2 बीएचके का नया फ्लैट मिलेगा। यह फ्लैट उन्हें कंस्ट्रक्शन कास्ट पर दिया जायेगा, उनसे जमीन की कीमत नहीं ली जायेगी। प्राधिकरण ने 96 टेनामेंट के रहवासियों को एक माह के अंदर जर्जर आवास खाली करने नोटिस जारी किया है। आरडीए कालोनी टिकरापारा का 96 टेनामेंट तोड़ा जायेगा। इसके स्थान पर वहां 8 मंजिला नया भवन बनाया जायेगा। रायपुर विकास प्राधिकरण ने 96 टेनामेंट के रहवासियों को 1 माह की समय अवधि मे आवास खाली करने नोटिस दिया है।

### 8 मंजिला रहेगी इमारत, 156 फ्लैट

सूत्रों के मुताबिक रायपुर विकास प्राधिकरण इस पुराने जर्जर आवासीय परिसर वाले स्थान पर 8 मंजिला आवासीय परिसर का निर्माण करायेगा। इसमें 156 फ्लैट होंगे, इसमें से 96 फ्लैट टेनामेंट के रहवासियों को दिये जायेंगे। उनसे जमीन का रेट लिये बिना केवल कंस्ट्रक्शन कास्ट पर 2 बीएचके का फ्लैट उपलब्ध होगा। नवनिर्मित आवासीय परिसर के बाकी बचे फ्लैट को आरडीए सेल करेगा। नये परिसर में लिफ्ट की सुविधा रहेगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरा से परिसर लैस रहेगा।

# हज कराने के नाम पर आधा दर्जन लोगों के साथ 32 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर थाना में एक परिवार तथा उनके परिचित ने महाराष्ट्र के एक व्यक्ति के खिलाफ हज करने मक्का मदीना भेजने का झांसा देकर 32 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया है कि वे तथा उनके परिचित ने पिछले वर्ष मक्का मदीना जाने पैसे और अपने पासपोर्ट दिए थे।

- पैसा लेने के बाद सभी को मुंबई बुलाकर जालसाज मक्का मदीना भेजने का देता रहा झांसा

राजेंद्र नगर निवासी मोनिस बेग ने अल्फला टूर एण्ड ट्रैवलर्स के संचालक महाराष्ट्र, अकोला निवासी सैयद तनवीर उल्ला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मोनिस ने पुलिस को बताया है कि वो अपने पिता, मां तथा दो अन्य के लिए तनवीर को हज करने जाने पैसे दिए थे। मोनिस के अनुसार अपने परिचित के माध्यम से उसने तनवीर के अकाउंट में पिछले वर्ष 30 मार्च को पैसे ट्रांसफर किए थे। तनवीर पैसे लेने रायपुर आया था। पैसे लेने के बाद तनवीर ने मोनिस तथा अन्य को सात जून को हज यात्रा में जाने बुलाया और उन सभी के पासपोर्ट अपने कब्जे में ले लिया।




### मुंबई में मिली ठगी की जानकारी

*मोनिस के अनुसार तय तारीख को वो सभी मुंबई पहुंच गए और अपने खर्चे पर एक होटल में रुके। इसके बाद मोनिस लगातार तनवीर के साथ मोबाइस के माध्यम से संपर्क में रहा। तनवीर, मोनिस तथा अन्य सभी को हज यात्रा में भेजने का आश्वासन देता रहा। चार दिन होटल में रुकने के बाद भी तनवीर उनसे मिलने नहीं आया, तो उन्हें अपने साथ ठगी होने का आभास हुआ और सभी रायपुर लौट आए। रायपुर आने के बाद मोनिस, तनवीर से पैसा तथा अपने पासपोर्ट लौटाने तनवीर से संपर्क करता रहा, शुरू में तनवीर पैसा तथा पासपोर्ट लौटाने आश्वासन देता रहा। बाद में कॉल रिसीव करना बंद कर दिया, तब मोनिस अपने साथ ठगी होने की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा।*

# रविवार तक शहर में अंधड़-बारिश, इसके बाद सिर्फ बादल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में रविवार तक रोज शाम अंधड़ चलने की आशंका मौसम विभाग द्वारा व्यक्त की गई है। तेज गति से हवा चलने के साथ ही मेघ गर्जन और बारिश की स्थिति भी इस दौरान निर्मित होगी। सोमवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे, लेकिन अंधड़ या बारिश जैसे हालात नहीं बनेंगे। ना सिर्फ रायपुर बल्कि प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह की स्थिति रहेगी। इसके पूर्व गुरुवार को भी मौसम दोपहर बाद खराब हो गया, लेकिन बारिश के हालात नहीं बने। मौसम विभाग ने हालात को देखते हुए संध्या से रात तक के लिए कुछ जिलों में अलर्ट भी जारी किया था।

- गुरुवार शाम बिगड़ा मौसम लेकिन नहीं हुई बारिश, जारी किया गया था अलर्ट

### 38.8 डिग्री के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म

*प्रदेश में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की क्रमिक वृद्धि होगी। इसके बाद विशेष परिवर्तन नहीं होगा। प्रदेश के सभी जिलों का अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया है। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री कम 38.8 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री दर्ज हुआ, जो लगभग सामान्य है। सर्वाधिक तापमान दुर्ग में 39.5 डिग्री दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान जगदलपुर में 21.7 डिग्री रहा। बीजापुर में 3 सेमी, तोकापाल में 2 सेमी तथा नानगुर में एक सेमी बारिश भी गुरुवार सुबह तक रिकॉर्ड हुई।*

## पेज 11 के शेष

### पीईटी के लिए...

32 हजार आवेदन मिले थे। गुरुवार को दो शिफ्ट में व्यापम ने ये प्रवेश परीक्षा रखी थी। गौरतलब है कि बीते कुछ वर्षों से इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम को लेकर छात्रों का रूझान कम हुआ है। अब प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी घटने लगी है। परीक्षा देकर निकले विद्यार्थियों के अनुसार, प्रश्नों का स्तर सामान्य रहा। हालांकि कुछ सवालों में परीक्षार्थियों ने अधिक समय लगने और कठिनाई का स्तर अपेक्षाकृत अधिक होने की बात भी कही।

### 31 लाख वाहन, 3 लाख...

से नंबर प्लेट आने में लग रहा है। प्रदेशभर में 1 अप्रैल 2019 के पहले के करीब 31 लाख वाहनों में इसे लगाया जाना है, लेकिन इस समय करीब 1 लाख ही लग पाए हैं और 3 लाख आवेदन मिले हैं। इस दौरान रोड मैप तैयार कर नंबर प्लेट लगाने की हिदायत दी गई है। परिवहन सचिव ने कहा है कि 3 महीने में 47 लाख वाहनों में एचएसआरपी लगाएं। साथ ही वाहनों की संख्या के अनुसार एचएसआरपी प्लेट बनाने वाली मशीनों की संख्या बढ़ाने को कहा, ताकि समय सीमा में नंबर प्लेट बनाने के साथ ही उसकी डिलवरी हो सके। उक्त नंबर प्लेट को ऑर्डर करने पर 15 दिनों में बनाने के लिए सभी जिलों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर मोबाइल नंबर सार्वजनिक किया जाएगा। वहीं, दूसरी तरफ राज्य पुलिस वाहनों की सख्ती से जांच कर रही है। मोटरयान अधिनियम की आड़ में आरसी, डीएल, हेलमेट के साथ ही नंबर प्लेटों की जांच कर रही है। प्रदेशभर में इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है।

**शिकायत की सुविधा नहीं-** प्रदेश में 80 लाख से ज्यादा वाहन परिवहन विभाग में पंजीकृत हैं। इनमें से 8 लाख वाहनों को कंडम और सड़कों से बाहर होने की आशंका जताई जा रही है। ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए चेसिस नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर जैसे विवरण दोबारा देना होता है।

**आरटीओ तक दौड़-** उक्त सभी के बाद भी कोई तकनीकी खामी बताने पर शिकायत आसानी से दर्ज नहीं हो पाती। इसे देखते हुए वाहन चालक परेशान हैं कि पहले चालान कटेगा या पहले नंबर प्लेट लगेगी। एचएसआरपी के लिए आवेदन की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। इसमें मोबाइल नंबर और आरसी बुक अनिवार्य दस्तावेज हैं। आवेदन फॉर्म अंग्रेजी में कई चरण में होने के कारण अधिकांश लोगों की समझ में नहीं आ रहा है।

**एचएसआरपी में इस तरह की दिक्कत-** समस्या यह है कि पुराने वाहन पंजीकरणों में अधिकांश आरसी बुक में मोबाइल नंबर दर्ज ही नहीं किए गए थे। वहीं, कई आरसी बुक ऐसे हैं जिनमें यह भी दर्ज नहीं है कि वाहन का जीवनकाल कितने साल का है। इसके चलते ऑनलाइन आवेदन रिजेक्ट होने के साथ ही वेबसाइट में सलाह डिस्प्ले होती है कि आरटीओ दफ्तर जाएं। विभाग द्वारा सहायता के लिए 8 मोबाइल नंबर व वेबसाइट जारी किया गया है। लेकिन. छोटे कारोबारी, ऑटो चालक और अन्य लोग इसके जरिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसके लिए परिवहन सेवा केंद्र और आरटीओ तक दौड़ लगाने के साथ ही अतिरिक्त राशि और समय जाया करना पड़ रहा है।

### अजब व्यापम की...

संचालनालय के प्रस्ताव पर 21 जुलाई को 19 विषयों के लिए छग राज्य पात्रता परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाने के दौरान अभ्यर्थियों से पूछा गया था कि वे दिव्यांग हैं अथवा नहीं। इसके लिए अभ्यर्थी को केवल हां या ना का ही विकल्प दिया गया था। उनकी दिव्यांगता का प्रकार क्या है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मांगी गई थी।

### ट्रैफिक पुलिस का चालान...

ऑनलाइन जुर्माना की राशि जमा करनी होगी। ऐसा नहीं करने पर 90 दिन के भीतर ऑनलाइन वर्चुअल कोर्ट में ट्रांसफर हो जाएगा। इसके बाद वाहन मालिक को कोर्ट में जाकर अपना ई-चालान जमा करना होगा।

### ...तो हो जाएंगे...

तक अपडेट नहीं करते हैं तो उनकी अभ्यर्थिता समाप्त करते हुए उन्हें अपात्र घोषित किया जाएगा। व्यापम ने जारी अधिसूचना में कहा है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र के माध्यम से विभिन्न संकायों के विषयों के लिए उपयुक्त दिव्यांगता के प्रकार से अवगत कराया गया है।

# पुरानी रंजिश पर ऑटो चालक से मारपीट



*रायपुर। विधानसभा थाने में एक ऑटो चालक ने तीन लड़कों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सड्डू बीएसयूपी कालोनी निवासी मो. रफीक खान ने राहुल दीप, बॉबी तथा सावन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रफीक ने पुलिस को बताया कि पुराने विवाद के चलते तीनों बदमाशों ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की।*



## खबर संक्षेप

### कांदुल में सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रिंटकला कार्यशाला कल से

**रायपुर**। आदिम कला व संस्कृति के लिए वेदांत सिटी कांदुल में सात दिवसीय 10 से 16 मई तक राष्ट्रीय प्रिंटकला (प्लेटोग्राफी) कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 'डॉट्स एंड लाइंस' नाम से रायपुर में प्रथम बार आयोजित की जा रही है। यह जानकारी जाने-माने चित्रकार एवं प्रिंटमेकर प्रो. व्ही. नागदास ने देते हुए बताया कि इस कार्यशाला में देश के सुप्रसिद्ध प्रिंटमेकर एवं चित्रकार प्रो. अजीत शील शांति निकेतन पं. बंगाल, रमेंद्रनाथ काश्ठा कोलकाता, प्रो. विजय बगोड़ी गुजरात, प्रो. धनंजय पाठक नागपुर, महाराष्ट्र के साथ प्रतिभागी के रूप में मोना गुप्ता राउरकेला, झारखण्ड, दुर्गा दास खैरागढ़ छग, मुक्ता रायपुर, डॉ. अंबरीश मिश्र उत्तरप्रदेश, अर्चना जैन कोरबा, डॉ. निशा चड्ढा हिमाचल प्रदेश, हेमलता दत्त झारखण्ड, सुकांत दास रायपुर, अंकिता दौलतबोड़कर औरंगाबाद, महाराष्ट, प्रभात बरमैया सिवनी मप्र, अर्चना कुमारी पटना एवं राजन ठाकुर रायपुर शामिल होंगे।



### केंद्र सरकार और सेना के साथ खड़ा है पिछड़ा समाज

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के नौ आतंकवादी ठिकानों पर की गई ताबड़तोड़ एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, आतंकवादियों ने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला किया, जिससे पूरा देश गम में डूबा था, जिसका बदला हमारी सेना ने लिया है। अब पूरा पाकिस्तान मातम मना रहा है। यह नए भारत का नया नेतृत्व नरेंद्र मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम है। हमारा समाज केंद्र सरकार और भारतीय सेना के साथ खड़ा है।

# बगैर लाइसेंस संचालित आरा मिल को वन विभाग ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- लंबे अरसे से रावांभाठा में चोरी छिपे संचालित हो रहा था आरा मिल

राजधानी सहित आस-पास के एरिया में बगैर लाइसेंस तथा नियम विरुद्ध आरा मिल संचालित होने की शिकायत मिलने के बाद वनबल प्रमुख, पीसीसीएफ वी. श्रीनिवास राव के निर्देश पर वन विभाग, उड़नदस्ता की टीम ने गुरुवार को एक आरा मिल को सिल किया है। टीम रावांभाठा में संचालित पुष्पा आरा मिल पहुंचकर आरा मिल संचालित करने का वैध दस्तावेज दिखाने की मांग की। मिल संचालक वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इसके बाद वन विभाग तथा उड़नदस्ता की टीम ने मिल को सील कर दिया।



- जांच टीम ने आरा मिल संचालक को आवेदन की कॉपी दिखाने के लिए कहा तो मिल संचालक मौके पर आवेदन की कॉपी पेश नहीं कर पाया

मिल में रखे लकड़ी के गोले कहां से लाए गए हैं, इस संबंध में रेंजर को जांच के निर्देश दिए गए हैं। अवैध रूप से संचालित आरा मिल में कार्रवाई करने पीसीसीएफ के निर्देश पर डीएफओ एलके पटेल, ज्वाइंट डीएफओ विश्वनाथ मुखर्जी तथा राज्य उड़नदस्ता टीम प्रभारी संदीप सिंह मार्गदर्शन में टीम गठित की गई।

इसके बाद रेंजर दीपक तिवारी तथा अन्य वन कर्मचारी सूचना के आधार पर आरा मिल में जांच करने पहुंचे। जांच के दौरान मिल संचालक के पास किसी तरह के वैध दस्तावेज नहीं मिले। मिल संचालक ने मौके पर पहुंची टीम को आरा मिल संचालित करने आवेदन लगाए जाने की बात कह कर गुमराह करने की कोशिश की। जांच टीम ने आरा मिल संचालक को आवेदन की कॉपी दिखाने के लिए कहा तो मिल संचालक मौके पर आवेदन की कॉपी पेश नहीं कर पाया।

## गोढ़ी के समाधान शिविर में पहुंचीं अपर मुख्य सचिव, आवेदनों के निराकरण की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में गुरुवार को धरसीवा ब्लॉक के ग्राम गोढ़ी के शासकीय मिडिल स्कूल में समाधान शिविर लगाया गया। इस शिविर में लोगों के आवेदनों के निराकरण के लिए खाद्य विभाग, विद्युत, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों में लोगों के आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में प्रभारी सचिव एवं अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा भी पहुंचीं और सभी स्टॉलों का अवलोकन करते हुए आवेदनों के निराकरण से संबंधित जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर गौरव सिंह, एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों के अनुसार शिविर में हजारों की संख्या में लोगों की मांगें, समस्याएं एवं शिकायतों को लेकर किए गए आवेदनों के निराकरण किए गए। शिविर स्थल में ही कई गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म भी की गई, साथ ही बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया और बालिकाओं को सेनेटरी किट प्रदान किया गया। शिविर में स्वास्थ्य कैंप भी लगाया गया था, जिसमें एआई पद्धति से कई लोगों ने टीबी परीक्षण भी कराया। प्रभारी सचिव ऋचा शर्मा ने भी इस पद्धति से अपना टीबी परीक्षण कराया। कलेक्टर ने कहा कि समाधान शिविर में आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस भी बनाए जा रहे हैं।


## 15 सौ करोड़ से ज्यादा का हो चुका है कारोबार

# शादियों के सीजन में हर सेक्टर गुलजार दो हजार करोड़ के पार जाएगा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शादियों के लिए राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में जमकर खरीदारी हो रही है। सोने-चांदी के गहनों, कपड़ों, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के साथ बर्तन, फर्नीचर, कैटरिंग के साथ ही होटल, भवनों के किराए को मिलाकर सीजन में दो हजार करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। जनवरी से अप्रैल तक के सीजन में 15 सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो चुका है।

मई से जून तक जो शादियों का मुर्हूत है, इसमें पांच करोड़ का कारोबार और हो जाएगा। नए साल में जनवरी से ही लगातार शादियों का सीजन चल रहा है। जनवरी से लेकर अप्रैल तक बहुत शादियों हुई हैं और अब मई से लेकर जून तक थोक में शादियां होने वाली हैं। इन शादियों के लिए हर सेक्टर के बाजार में लगातार खरीदारी हो रही है। सभी सेक्टरों के बाजार इस समय गुलजार हैं।



### कपड़ा बाजार गुलजार

प्रदेश का सबसे बड़ा राजधानी रायपुर का पंडरी कपड़ा बाजार जनवरी से ही गुलजार है। यहां पर रोज प्रदेश भर से लोग खरीदारी करने आ रहे हैं। पंडरी कपड़ा एसोसिएशन के चंद विधानी के मुताबिक जनवरी से अब तक चार सौ करोड़ का कारोबार हो चुका है। जून तक और दो सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। पूरे सीजन में छह सौ करोड़ का कारोबार पूरे प्रदेश में होगा। यही वह सीजन है जिसमें हर वर्ग के लोग शादियां करते हैं, ऐसे में कारोबार ज्यादा होता है।

### सोने की कीमत ज्यादा, खरीदी आधा

शादियों के लिए सोने और चांदी के गहनों की थोक में बिक्री होती है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक जून तक के सीजन में 300 करोड़ का कारोबार पूरे प्रदेश में हो जाएगा। इस समय सोने और चांदी की कीमत आसमान पर चली गई है। सोना एक लाख रुपए के पार गो गया है। ऐसे में शादियों के लिए सोने के गहनों की जो खरीदारी हो रही है, उसमें फर्क इतना है कि लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक सोने की कीमत को देखते हुए अब लोगों ने इसकी खरीदारी का तरीका बदल दिया है। पहले सोना 50 हजार रहता था तो जो लोग एक लाख के बजट में 20 ग्राम सोना लेते थे, वो अब सोने की कीमत एक लाख होने के कारण 10 ग्राम ही सोने के गहने ले रहे हैं। इसी तरह से चार से पांच तोले के स्थान पर दो से तीन तोले के गहने लिए जा रहे हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटमों का क्रेज

शादियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटमों का ज्यादा क्रेज है, चाहे इसमें मोबाइल की बात हो, एसी, फ्रिज या फिर एलईडी टीवी की बात हो। हालांकि लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी करते हैं, लेकिन महंगे आइटम अब गांव वाले भी खरीद रहे हैं। पूरे सीजन में छह सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे प्रदेश में हो जाएगा।

### होटल, भवन, टेंट, कैटरर्स सब पहले से बुक

शादियों के मुहूर्त के हिसाब से पहले से ही होटल, भवन सब बुक हो गए हैं। टेंट और कैटरिंग कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक पूरे सीजन में होटल, भवन, टेंट, कैटरिंग को मिलाकर करीब तीन सौ करोड़ का कारोबार पूरे प्रदेश में हो जाएगा। बर्तन और फर्नीचर कारोबारियों के मुताबिक पूरे सीजन में दो सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है।

## निदान 1100 में मिली शिकायतों से नजर फेर रहे हैं निकाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान नहीं
- अब बनाए गए निकायों में नोडल अधिकारी

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय क्षेत्रों में जन समस्याओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए जन शिकायत निवारण प्रणाली निदान 1100 तैयार की गई है। लेकिन राज्य के नगरीय निकाय इस माध्यम से आने वाली शिकायतों के निवारण के मामले में नजर फेर रहे हैं। निदान में दर्ज शिकायतों का समाधान समय सीमा में नहीं किया जा रहा है। इस बात को लेकर राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने नाराजगी जताई है।

### निदान से समाधान होता है इन शिकायतों का

खास बात यह है कि निकाय क्षेत्रों में रहने वाले लोग निदान 1100 के माध्यम से अपने क्षेत्र की साफ सफाई, डोर टू डोर कचरा प्रबंधन, रोड, नाली, सीवर की सफाई, सेप्टिक टैंक की सफाई, स्ट्रीट लाइट, वाटर सप्लाई, भवन अनुज्ञा आदि अन्य संबंधित शिकायतें करते हैं। लेकिन सूडा का कहना है कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि निदान 1100 में दर्ज शिकायतों का निराकरण समय सीमा में नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से आम नागरिकों में निकायों की छवि धुमिल हो रही है। निकायों की खराब ग्रेडिंग की शिकायतों का निराकरण समय सीमा में न होना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। भविष्ट में निदानी से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा शासन स्तर पर किया जाना है। अब शिकायतों के समय सीमा में निराकरण के लिए नगर निगम, पालिका ओर नगर पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में सबसे बड़े 'शिवप्रिया पिरामिड' का भव्य उद्घाटन



**रायपुर**। सिलतरा में छत्तीसगढ़ पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटी मूवमेंट (सीजीपीएसएसएम) द्वारा निर्मित 'शिवप्रिया पिरामिड' का उद्घाटन समारोह हाल ही में संपन्न हुआ। यह ध्यान पिरामिड 60 फुट × 60 फुट के विशाल आकार में निर्मित है, जो छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे बड़ा ध्यान केंद्र बन गया है। इसका निर्माण स्व. ब्रह्मर्षि पितामह पत्रीजी के मार्गदर्शन में आरंभ हुआ था, जो सीजीपीएसएसएम के संस्थापक भी रहे हैं। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक अनुज शर्मा शामिल हुए। साथ ही संस्थान के संस्थापक एवं सीनियर मास्टर स्वरूपचंद जैन और वर्तमान अध्यक्ष शैलेंद्र जैन की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। 'शिवप्रिया पिरामिड' में ध्यान करने से मानसिक शांति, तनावमुक्ति और आध्यात्मिक उन्नति का अनुभव होता है।

### गंगा डायग्नोस्टिक में एलर्जी की जांच के लिए अत्याधुनिक तकनीक

**रायपुर**। गंगा डायग्नोस्टिक मेडिकल सेंटर ने चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए मॉलीक्यूलर एलर्जी जांच की अत्याधुनिक तकनीक शुरू की है। बीते 13 वर्षों से रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाला यह केंद्र, अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नैनो टेक्नोलॉजी के मिश्रण से सुसज्जित एलर्जी जांच सेवा की शुरुआत कर रहा है। यह परीक्षण रक्त के माध्यम से किया जाएगा, जिससे मरीज को 300 प्रकार की एलर्जी के सटीक परिणाम मिल सकेंगे। इसमें यास पॉलेन, ट्री पॉलेन, वीड पॉलेन, हाउस डस्ट, लेग्यूमिनोसे, अनाज, मसाले, फल, सब्जियां, नट्स, सीड्स, कॉकरोच, कीड़े, फंगल स्रोत, दूध, अंडा, मछली, समुद्री भोजन, मांस, पालतू और खेतों के जानवरों से जुड़ी एलर्जी की पहचान की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त, फेफड़ों, पेट और त्वचा से संबंधित एलर्जी का भी सटीक परीक्षण संभव होगा। यह उन्नत जांच रायपुर में पहली बार उपलब्ध हो रही है, और गंगा डायग्नोस्टिक मेडिकल सेंटर द्वारा इसे 50% छूट के साथ पेश किया जा रहा है।

### सेंट थॉमस स्कूल ने रचा इतिहास, 10वीं-12वीं में 100% रहा परीक्षा परिणाम

**रायपुर**। क्रिश्चियन एसोसिएशन रायपुर द्वारा संचालित सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल डीडीनगर रायपुर ने वर्ष 2024-25 की सीजी बोर्ड परीक्षा में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए कक्षा 10वीं और 12वीं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किए हैं। कक्षा 10वीं में शौर्य मेश्राम ने 93% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं वंशिका साहू 89% अंकों के साथ दूसरे और ज्योति बंछोर 88.5% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय में शैली शुक्ला, गणित संकाय में अंकुर और जीव विज्ञान संकाय में आस्था वर्मा ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। कुनालिका वर्मा और ऋत्विजा पांडे ने दूसरा स्थान तथा अनुष्का गौतम और महिमा वर्मा ने तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

### सालेम इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में सालेम इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल, रायपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में स्वयंप्रभा साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ईशान अग्रवाल द्वितीय, ध्रुवी विश्वास तृतीय, दीक्षा दास चतुर्थ और ऐश्वर्या साहू ने पंचम स्थान प्राप्त किया। वहीं कॉमर्स संकाय में तान्या सुरोशे ने प्रथम स्थान हासिल किया, अविनाश पटेल द्वितीय, मोनिका साहू तृतीय, प्रत्युशी विश्वकर्मा चतुर्थ तथा अंशु पांडे पंचम स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। मोहम्मद हुजैफा ने प्रथम, प्रेम वर्मा ने द्वितीय, अफजिया कुरैशी ने तृतीय, जॉयस रिबिका मार्टिन ने चतुर्थ और अनोश छत्तर ने पंचम स्थान प्राप्त किया।

### 20 दिन से दर्द से जूझती रही महिला, आंबेडकर अस्पताल में मिली नई जिंदगी



**रायपुर**। एक महिला मरीज, जिसे सामान्य प्रसव के दौरान मूत्राशय फटने की गंभीर समस्या हुई, आखिरकार डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल में जीवनदान मिला। यह मामला तब और जटिल हो गया, जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में समय रहते निदान नहीं हो पाया और मरीज को 20 दिनों तक लगातार दर्द तथा परेशानी झेलनी पड़ी। इस दौरान मरीज ने कई डॉक्टरों और सर्जनों से परामर्श किया, लेकिन समस्या की पहचान नहीं हो सकी। हालत बिगड़ने पर उसे आंबेडकर हॉस्पिटल लाया गया, जहां यूनिट 2 में शामिल डॉ. संतोष सोनकर, डॉ. रात्रे, डॉ. सौमित्र दुबे और उनकी टीम ने आपातकालीन स्थिति में मरीज का सफल निदान किया। डॉक्टरों ने तुरंत निर्णय लेते हुए लैप्रोटॉमी सर्जरी की, जिसमें मूत्राशय की मरम्मत के साथ-साथ जटिल एडहेसियोलाइसिस भी की गई। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और मरीज अब स्वस्थ है।

### श्री बालाजी विद्या मंदिर ने सीजीबीएसई परिणाम में मारी बाज़ी

**रायपुर**। श्री बालाजी विद्या मंदिर ने सीजीबीएसई की वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पण का परचम लहराया है। विद्यालय ने कक्षा 12वीं में 100% परिणाम रहा। वहीं कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने भी उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन जी. स्वामी ने इस शानदार सफलता पर कहा कि यह परिणाम बालाजी परिवार के सतत परिश्रम, समर्पण और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण का सशक्त प्रमाण है। कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय की छात्राओं विनीता कृष्णानी, भुवी गंगवानी और विशेष सहगल ने शानदार अंक प्राप्त किए, वहीं गणित और जीव विज्ञान संकाय के छात्रों ने भी विद्यालय की प्रतिष्ठा को ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के छात्रों अंशुल साहू, धीरज साहू, आदित्य गुप्ता और अंशिका ठाकुर ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

### सीजीबीएसई परीक्षा परिणामों में शिवोम विद्यापीठ का परचम लहराया



**रायपुर**। शिवोम विद्यापीठ ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजीबीएसई) की 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम की है। संस्थान के विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कक्षा 10वीं में सृष्टि वर्मा ने 94.83% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं गायत्री देवांगन ने 94.67%, महिमा राहंगडाले ने 93.83% और मोनिका पालीवाल ने 91.67% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12वीं में तन्वी रायकवार 86.2% अंकों के साथ अव्वल रहीं, जबकि करुणानिधि साहू ने 86% और रोहित अंबागड़े ने 85.4% अंकों के साथ द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस गौरवशाली क्षण पर संस्था के चेयरमैन अवधेश शर्मा ने विद्यार्थियों की सराहना की।

### पं. हरिशंकर शुक्ला पब्लिक स्कूल, कचना का परीक्षा परिणाम रहा 100 प्रतिशत




**रायपुर**। कचना मेनरोड स्थित पं. हरिशंकर शुक्ला पब्लिक स्कूल ने शैक्षणिक वर्ष के परीक्षा परिणामों में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर एक नई उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यहां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ वाद-विवाद, खेलकूद प्रतियोगिताएं, शैक्षणिक भ्रमण, प्रयोगशाला प्रशिक्षण और पुस्तकालय की सुविधा बच्चों को उपलब्ध कराई जाती है। संस्था की प्रबंध निदेशक रश्मि तिवारी के कुशल नेतृत्व में विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। बच्चों को कठिन विषय भी अत्यंत सरल भाषा में समझाए जाते हैं, जिससे उनकी सीखने की प्रक्रिया और भी प्रभावशाली बनती है।

# शासकीय जमीन पर कब्जा कर बंद किया आम रास्ता, विरोध में उतरे वार्डवासी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आईटीएसए अस्पताल के ठीक पीछे धरसा सरकारी जमीन

राजधानी रायपुर के महात्मा गांधी वार्ड में शासकीय जमीन पर कब्जा कर आम सड़क मार्ग को बंद कर वहां एक अस्पताल प्रबंधन ने डीजी और विद्युत सप्लाई सिस्टम लगा दिया है, जिसके विरोध में वार्ड के लोग उतर आए हैं। वार्ड की पार्षद सावित्री भारत धीवर के प्रतिनिधि भरत धीवर के नेतृत्व में शरद बंटी पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोगों ने गुरुवार को एकजुट होकर इस अवैध कब्जा के विरोध में प्रदर्शन किया। इधर इस मामले में जोन कमिश्नर संतोष पांडेय का कहना है कि जमीन शासकीय है या नहीं इसकी जानकारी राजस्व विभाग ही दे पाएगा, लेकिन जिस जमीन पर अस्पताल प्रबंधन का कब्जा है, उसका नक्शा पास और नियमितीकरण हो चुका है। ऐसे में इसे अवैध निर्माण नहीं कहा जा सकता।

भारत धीवर एवं शरद बंटी पांडेय ने बताया कि उनके वार्ड में आईटीएसए अस्पताल के ठीक पीछे धरसा सरकारी जमीन है। इस जमीन पर आम लोगों के आवागमन के लिए रास्ता बना हुआ है। इस जमीन पर अस्पताल प्रबंधन ने कब्जा कर मार्ग को बंद कर दिया है और यहां अपना डीजी और विद्युत सप्लाई के लिए सिस्टम लगा दिया है। मार्ग बंद होने से लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि वार्ड के लोग इस अवैध कब्जा को लेकर जिला कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त, महापौर, जोन कमिश्नर तक से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक अवैध कब्जा को मुक्त कराया नहीं गया है। शरद पांडेय ने बताया कि जोन कार्यालय से दो से तीन बार अस्पताल प्रबंधन को नोटिस भी जारी किया है, जिसका जवाब नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर अवैध कब्जा मुक्त नहीं कराया गया तो आगामी दिनों में वे उग्र आंदोलन करते हुए चक्का-जाम कर प्रदर्शन करेंगे।

**जांच कर नियमित कार्रवाई करेंगे**

जमीन शासकीय है या अस्पताल प्रबंधन की इसकी जांच करेंगे। जांच में अगर शासकीय जमीन मिलेगी तो नियम के तहत कार्रवाई करेंगे। - **पवन कोसमा,** तहसीलदार रायपुर

### मुख्य मार्गो से हटाया अतिक्रमण

**रायपुर**। टीम प्रहरी द्वारा ने नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में शहर के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया। आमापारा चौक में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। इसी तरह डुमरतराई थोक सब्जी मार्केट के सामने अतिक्रमण हटाने जोन 10 की टीम ने अभियान चलाया। कौशल्या विहार गेट के सामने से एम्ब्रोशिया अटल परिसर चौक तक सड़क यातायात बाधित करने अवैध कब्जे हटाये गये। सरोना क्षेत्र से मुख्य मार्ग में रखी भवन निर्माण सामग्री रेत को जप्त करने की कार्यवाही की।

### आयुक्त ने किया उद्यानों का निरीक्षण

**रायपुर**। निगम आयुक्त विश्वदीप ने राजीव गाँधी वार्ड विभिन्न स्थानों पर उद्यानों और नालों, नालियों के सफाई की व्यवस्था का अवलोकन किया। इसके साथ ही देवेन्द्र नगर में विद्यार्थी परिषद कार्यालय के समीप उद्यान के पास किये गए अवैध कब्जों को कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर हटाने की कार्यवाही करने जोन 2 कमिश्नर को निर्देश दिए। राजीव गाँधी वार्ड क्षेत्र में गंदे पानी की सुगम निकासी के लिए सर्वे कर नए नाले बनाने प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए।

## यूनियन क्लब में 15 मई से शुरू होगा मेगा समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं यूनियन क्लब द्वारा 15 मई से मेगा समर कैंप की शुरुआत की जाएगी। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ और यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण होरा ने बताया कि गर्मी में सभी स्कूल बंद हैं, इसलिए बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन करने जा रहे हैं, बच्चे इसका लाभ लें। 8 से 14 साल की आयु के बच्चे शामिल हो सकते हैं, जिसमें मुख्य रूप से स्वीमिंग, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस के एक्सपर्ट कोच द्वारा ट्रेंड किया जाएगा। इस समर कैंप में शामिल होने के लिए सीमित संख्या में रजिस्ट्रेशन लिया जाएगा। सिंधी काउंसिल की टीम इसमें सक्रिय रूप से काम कर रही है और रजिस्ट्रेशन फार्म के लिए चंदन जैसिंघ, धनेश मटलानी, नितिन कृष्णानी, प्रणीत सुंदरानी, चंदर देवानी, महेश खिलनानी से संपर्क कर सकते हैं।

### आरडीए अध्यक्ष ने किया माता कौशल्या विहार का दौरा

**रायपुर**। नागरिकों की समस्या को दूर करने के लिए रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने गुरुवार को माता कौशल्या विहार (कमल विहार) का दौरा किया। इस दौरान संबंधित वार्डों के पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



03




आपके रूटीन की ये खराब आदतें...

लाइव इवेंट

## बॉलीवुड सांग्स पर डांसिंग आइडल ग्रैंड फिनाले में जगह पाने ऑडिशन





**रायपुर।** बॉलीवुड सांग्स पर डेढ़ मिनट में डांस का जलवा बिखेरने कई शहरों से प्रतिभागी पहुंच रहे हैं। दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी, राजिम और रायपुर की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए गर्मी के इस सीजन में अंबुजा मॉल में डांसिंग आइडल 2025 का ऑडिशन चल रहा है। बुधवार को पांच साल से कम उम्र के बच्चों का ऑडिशन हुआ। इसमें लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। वहीं गुरुवार को 6 से 10 साल के 62 प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिया। आयोजकों ने बताया कि बॉलीवुड सांग्स के साथ शास्त्रीय नृत्य भी प्रतिभागियों ने पेश किया। इनको प्रस्तुति के आधार पर सलेक्ट किया जाएगा। अब 9 मई को 11 से 16 साल के बच्चे दोपहर 2 बजे से ऑडिशन देंगे। इनमें जिन प्रतिभागियों का चयन होगा, वे ही ग्रैंड फिनाले में 11 मई को शाम 7 बजे से परफॉर्म करेंगे।

- **बच्चों में छिपी प्रतिभा निखारने दे रहे मंच, 11 को तय होंगे विजेता**



### डांस को जज करेंगी कोरियोग्राफर

स्कूल की छुट्टी शुरू होते ही छात्र-छात्राओं में छिपी प्रतिभा को निखारने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए यह डांसिंग आइडल शुरू किया गया है। इसमें तीन एज ग्रुप में जिन प्रतिभागियों का सलेक्शन होगा, वे ग्रैंड फिनाले में डांस का जलवा बिखेरेंगे। इसकी प्रस्तुति को जज करने के लिए कोरियोग्राफर शबनम खान मौजूद रहेंगी। ग्रैंड फिनाले में सभी फाइनलिस्ट को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। विजेता को ट्रॉफी और गिफ्ट हैम्पर्स से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए स्टेज सजाने के साथ ही सेलिब्रेशन में लोग शामिल हो सकें, इसके लिए बैठक व्यवस्था की जाएगी।

नौकरी पाने के जुनून में कड़ी मेहनत कर रहे युवा, पढ़ाई में दे रहे काफी समय

# पढ़ाई का जुनून..सिटी की लाइब्रेरी में सीटें फुल सेंट्रल में 6 हजार पहुंची युवाओं की वेटिंग

सीजी पीएससी, यूपीएससी, सीए, एमबीए, नेट, नीट, जेईई एडवांस्ड जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का परचम लहराने सिटी के लाइब्रेरियों को युवा ब्रह्मास्त्र की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। युवाओं में प्रोफेशनल कॅरियर को संवारने व निश्चित सफलता अर्जित करने का क्रेज ऐसा दिख रहा है कि शहर की सभी प्रमुख आधुनिक लाइब्रेरियों का सदस्यता पंजीयन वहां की उपलब्ध सीट क्षमता से दोगुने तक पहुंच गया है।

**रायपुर।** आलम यह है कि सभी लाइब्रेरी में सदस्य पंजीयन वेटिंग का आंकड़ा हजारों में चल रहा है। प्रशासन द्वारा राजधानी में करीब आधे दर्जन लाइब्रेरी संचालित हैं। इसमें नालंदा आक्सी रीडिंग जोन, तक्षशिला सह-आक्सी रीडिंग जोन, सेंट्रल लाइब्रेरी सबसे आधुनिक हैं, जहां युवा बड़ी संख्या में प्रोफेशन आधुनिक एजुकेशन की तैयारी को लेकर मेंबरशिप लिए हैं। यहां प्रतिवर्ष सदस्यता पंजीयन का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि युवा अपने प्रोफेशनल कॅरियर को सफलता की नई उड़ान देने इन लाइब्रेरियों में पढ़ाई कर रहे हैं। इन लाइब्रेरियों में सदस्य संख्या, सीटें व प्रतीक्षा सूची पर एक नजर।

### सेंट्रल लाइब्रेरी : 600 सीटें, 6 हजार वेटिंग में

जीई रोड स्थित आधुनिक सेंट्रल लाइब्रेरी में सुबह, दोपहर व शाम की तीनों शिफ्ट में सीटें फुल चल रही हैं। लाइब्रेरी की हेड लाइब्रेरियन माधुरी खलखो ने बताया कि 600 मेंबर्स की बैठक क्षमता वाली इस लाइब्रेरी में फरवरी 2027 तक एडवांस में मेंबर पंजीयन की वेटिंग का आंकड़ा 6 हजार के पार पहुंच चुका है। 50 हजार से अधिक ऑनलाइन बुक्स, कंप्यूटर सिस्टम से यहां के मेंबर्स अपनी नॉलेज में वृद्धि कर रहे हैं।




### तक्षशिला सह-आक्सी रीडिंग जोन में भी प्रतीक्षा

120 सीटिंग सुविधा वाले मोतीबाग के पास स्थित तक्षशिला सह आक्सी रीडिंग जोन में भी सभी सीटों पर पंजीयन फुल हो चुका है। नया बुक कलेक्शन व नए सिस्टम के साथ अपने प्रोफेशनल एजुकेशन की तैयारी करने यहां भी 24 घंटे पंजीकृत मेंबर पढ़ाई करने पहुंच रहे हैं। यहा 500 से अधिक पंजीकृत मेंबर्स हैं। बात वेटिंग मेंबर की करें तो करीब 400 मेंबर प्रतीक्षा सूची में चल रहे हैं।



### आक्सी रीडिंग जोन 1000 सीटें, 1200 वेटिंग में

नालंदा आक्सी रीडिंग जोन में डे-नाइट शिफ्ट मिलाकर करीब 1 हजार के आसपास मेंबर्स प्रतिदिन पहुंचते हैं। 1000 मेंबर्स की बैठक क्षमता वाले इस आधुनिक लाइब्रेरी में 2200 के करीब पंजीकृत मेंबर हैं। इसमें से रोजाना 1200 मेंबर्स वेटिंग में चल रहे हैं आक्सी रीडिंग जोन की हेड लाइब्रेरियन मंजुला जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पंजीकृत मेंबर प्रतियोगी प्रतिक्षाओं व प्रोफेशनल एजुकेशन की तैयारी को लेकर उपलब्ध बुक, आधुनिक सिस्टम का उपयोग बखूबी कर रहे हैं।



### जिला ग्रंथालय : 120 सीटें, 800 पंजीकृत

शासकीय जिला ग्रंथालय की सहायक लाइब्रेरियन नूतन एक्का ने बताया कि जिला ग्रंथालय में सुबह 10 से शाम 6 बजे के समय में रोजाना 400 के करीब पंजीकृत मेंबर पढ़ाई करने पहुंच रहे हैं। 120 मेंबर बैठक क्षमता वाली इस लाइब्रेरी में पूरे समय सभी सीटें फुल रहती हैं। 800 के करीब पंजीकृत मेंबर हैं। यहां 8000 के करीब मैनुअल बुक्स उपलब्ध हैं।

### सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी

तक्षशीला, आक्सी रीडिंग जोन, सेंट्रल लाइब्रेरी सभी जगह पंजीकृत मेंबर को उनके प्रोफेशन एजुकेशन में निश्चित सफलता मिले, इस बात को ध्यान में रखकर इसका संचालन किया जा रहा है। यहां लगातार एडवांस सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा रही है।

- **केदार पटेल**, नोडल अधिकारी, आक्सी रीडिंग जोन

सिटी इवेंट

## यादों और नई शुरुआत का जश्न मनाते छात्रों की आंखें हुईं नम



**रायपुर।** श्रीरावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग संकाय के स्नातक छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कारवां नाम से आयोजित इस विदाई समारोह में स्नातक स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी कैंपस, क्लासरूम, टीचर्स, जूनियर छात्र-छात्राओं के साथ बिताए यादें फिर ताजा हुईं तो वहीं स्वर्णिम भविष्य की बेस्ट विशेज भी मिलीं। उपलब्धियों और यात्रा का जश्न मनाते वक्त छात्र-छात्राएं भावुक हो गए। कई के आंखें खुशी व विरह के क्षण में नम भी दिखीं। विदाई समारोह में खुशी, पुरानी यादों और प्रेरणा का एक यादगार झलक नजर आई। इस अवसर पर प्रो-चांसलर एसएस बजाज, कुलपति प्रभारी प्रो. आरआरएल बिराली और रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। स्नातक इंजीनियरिंग छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए एसएस बजाज ने कहा कि स्नातक होना अंत नहीं है, बल्कि निरंतर सीखने और विकास से भरे एक नए अध्याय की शुरुआत है।

### अमन मिस्टर और विधि मिस फेयरवेल

विदाई समारोह में म्यूजिक, डांस के साथ मुख्य आकर्षण मिस्टर और मिस फेयरवेल खिताब रहा। इसमें मिस्टर फेयरवेल का खिताब बीसीए के छात्र अमन बैरागी और बीटेक सीएसई की छात्रा विधि पांडे ने जीता। वहीं डिप्लोमा ईई के छात्र मिस्टर ईव अंकित सिंह और फैशन डिजाइनिंग की छात्रा साक्षी मिस ईव बनीं। मिस एंड मिस्टर ईव ने उत्साह को और बढ़ा दिया।

### संचालन में इनका रहा योगदान

फेयरवेल में भावनात्मक भाषण, यादें और दिल से अलविदा कहने के भाव ने छात्रों और शिक्षकों के बीच अपनेपन को बयां किया। यह स्नातकों की शैक्षणिक यात्रा और उनके आशाजनक भविष्य का एक सच्चा उत्सव रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन तरुण सोनवानी, शिव वर्मा, डॉ. रानू पांडे, निकिता रावत, डॉ. ओपी ठाकरे ने किया।



## एक्टर हर्मन बावेजा ने देखा 'फिल्म सिटी चित्रोपला' का सपना, 98 एकड़ में होगा निर्माण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बनने जा रही चित्रोपला फिल्मसिटी को लेकर बॉलीवुड अभिनेता हर्मन बावेजा गुरुवार को राजधानी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नवा रायपुर, मुक्तांगन सहित प्रस्तावित फिल्मसिटी की 98 एकड़ जमीन का निरीक्षण किया। अभिनेता ने पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों के साथ फिल्म पॉलिसी और फिल्मसिटी निर्माण पर प्रेजेंटेशन के जरिए विस्तृत जानकारी ली। प्रेसवार्ता में श्री बावेजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में फिल्मसिटी बनने से न केवल स्थानीय फिल्म उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अन्य राज्यों के फिल्म निर्माताओं के लिए भी यह उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह फिल्मसिटी मुंबई के फिल्म शूटिंग विकल्प के रूप में इस्तेमाल की जाएगी। फिल्मसिटी का निर्माण महानगरीय स्तर पर किया जाएगा। छत्तीसगढ़ की फिल्म नीति काफी आकर्षक और प्रगतिशील है। अधिकारियों ने उन्हें नीतियों की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने नवा रायपुर में प्रस्तावित स्थान का अवलोकन भी किया और राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की।



### पहले लोग ऋतिक कहते थे

अभिनेता हर्मन बावेजा ने अपनी चर्चित फिल्म लव स्टोरी 2050 को लेकर कहा, जब ये फिल्म आई थी, तब लोग मुझे ऋतिक रोशन का डुप्लीकेट कहते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब लोग मुझे मेरे नाम से पहचानते हैं। उन्होंने बताया कि इस साल उनके प्रोडक्शन हाउस से 6 से 7 फिल्में रिलीज होने वाली हैं। फिल्मसिटी प्रोजेक्ट पर बात करते हुए श्री बावेजा ने कहा, गुरुवार को मैंने पहली बार नया रायपुर देखा। फिल्मसिटी बनाना एक बड़ा सपना और चुनौती है, लेकिन हम इसे जल्द पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। आने वाले समय में और भी मीटिंग्स होंगी, जिसमें योजना को आगे बढ़ाया जाएगा।



## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कृषि विवि के विद्यार्थियों ने लिखा प्रभावी निबंध

**रायपुर।** भारत सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए देश के समस्त विश्वविद्यालयों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है। इसके तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में छात्रों के मध्य शैक्षणिक संवाद और जागरूकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत की शिक्षा प्रणाली के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कृषि महाविद्यालय रायपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वे एनईपी 2020 के प्रमुख विषयों और लक्ष्यों के प्रति गहरी समझ और जुड़ाव रखते हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में आलोचनात्मक चिंतन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विचारशीलता को प्रोत्साहित करना था, जो समग्र और बहु-विषयी शिक्षा, समानता, लचीलापन और आजीवन शिक्षण को बढ़ावा देती है। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तथा खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर के विद्यार्थी शामिल हुए।

साइंस सेंटर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक पर चर्चा, इसमें शामिल हुए विद्यार्थी

कार्नर न्यूज

## नवीन एआई तकनीक शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में कारगर, मानव जैसी सोच के साथ डेटा का विश्लेषण

### समर कैंप की सूची

| समर कैंप की सूची |
|---|
| बेसिक ऑफ एआई (8-11 मई) |
| बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट ( 16-18 मई) |
| फन विथ फिजिक्स ( 21-23 मई) |
| वेबसाइड डिजाइनिंग ( 28-31 मई) |
| मोबाइल एप डेवलपमेंट ( 3-6 जून) |
| केमिस्ट्री लर्निंग (10-13 जून) |

**रायपुर।** आपको क्या लगता है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्या है? वर्तमान समय में किन क्षेत्रों में इसका प्रयोग किया जा रहा? कुछ ऐसे ही सवालों के साथ एआई तकनीक पर संबोधन की शुरुआत हुई। प्रश्नों के आधार पर चर्चा की गई। इसमें कई स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हुए। साइंस सेंटर में आयोजित समर कैंप के पहले दिन गुरुवार को एआई बेस्ड तकनीक की महत्ता बताने के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। सुबह 10 बजे आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर डॉ. सौम्यजीत प्रमाणिक ने कई प्रश्नों के साथ इस शिविर का आगाज किया। परिसर स्थित सभागार में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य भी प्रमुख रूप से मौजूद थे। जहां उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल कर कार्यों को स्वचालित किया जा रहा है।



### तीसरे दिन साइबर सिक्योरिटी पर चर्चा

कार्यशाला के तीसरे दिन आईआईटी भिलाई के प्रो. सुबिद अली डिजिटल डेटा सिक्योरिटी संबंधित जानकारी देंगे, इसमें जरूरी डेटा, फोटो, वीडियो, सूचना आदि शामिल रहेंगे। इस मौके पर साइबर सिक्योरिटी, फेक इमेज बनाने और उससे बचने का सुझाव दिया जाएगा, ताकि भविष्य में युवा पीढ़ी को सामान्य एआई तकनीक की जानकारी हो। अंतिम दिन 11 मई को आईआईटी प्रो. महबूब आलम द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा।

### *विशेषज्ञ देंगे एआई की बेसिक जानकारी*

*आगे बताया कि इसका प्रयोग डेटा विश्लेषण, शिक्षा, स्वास्थ, उद्योग जैसे कई क्षेत्रों में अब किया जा रहा है। वर्तमान समय में युवाओं का रूझान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ओर बढ़ रहा है। इसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय आधारित समर कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है। इस चार दिवसीय कैंप में शहरभर के सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। कैंप में उन्हें अलग-अलग विषय विशेषज्ञों द्वारा एआई की बेसिक तकनीक बताई जाएगी।*

### बढ़ते उपयोग पर चर्चा, जीवन में उपयोगी

हरिभूमि से चर्चा में प्रोफेसर डॉ. सौम्यजीत ने बताया कि कैंप में छात्रों का उत्साह देखने को मिल रहा है। विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल तकनीक, कार्य प्रणाली और विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग के बारे में जानकारी मिलेगी। इसमें उत्पत्ति, विकास, संरचना, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, रोबोटिक्स, मानव जीवन, स्वास्थ्य में एआई के बढ़ते उपयोग के बारे में जानने को मिलेगा। व्याख्याता ने छात्रों ने ऑटोनॉमस व्हीकल के प्रयोग एवं मानव जीवन में उपयोग बताया। कैंप में आईआईटी के प्रोफेसर शामिल होंगे।

### रोजगार देने वाली तकनीक के प्रति लगाव

कैंप में सेंटर के महानिदेशक डॉ. एस. कर्मकार ने बताया कि समर कैंप में 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी तकनीक बताना और ज्ञान देना है। बदलते समय के साथ एआई तकनीक का प्रयोग युवाओं में बढ़ रहा है, जो रोजगार भी उत्पन्न करेगा। इस कैंप में सरकारी स्कूल के छात्रों को प्राथमिकता दी जा रही है, 40 छात्र शामिल हो रहे हैं।

**समाज लाइव**

## 15 से 'आकार-2025', दिव्यांग और बेसहारा को निशुल्क दी जाएगी ट्रेनिंग





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 'आकार-2025' पारंपरिक शिल्प और विविध कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 15 से 31 मई तक दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। सुबह 7 से 10 बजे तक और शाम 5 बजे से 8 बजे तक होगी। प्रशिक्षण के लिए पंजीयन शुल्क 200 रुपए आकार प्रशिक्षण कार्यालय 2025 में जमा कर आईडी कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। दिव्यांग और अनाथ बच्चों को प्रशिक्षण शुल्क में छूट रहेगी। संस्कृति विभाग की ओर से पारंपरिक शिल्प कलाओं के संरक्षण, प्रचार-प्रसार, जागरूकता और रुचि जागृत करने के उद्देश्य से महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर सिविल लाइंस में आयोजन होगा।

### कलागुरु देंगे प्रशिक्षण

'आकार-2025' प्रशिक्षण शिविर में इच्छुक प्रशिक्षु को फाइन आर्ट, नाटक, स्केचिंग, कैनवास पेंटिंग, जूट शिल्प, मेहंदी आर्ट, गोदना आर्ट, छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी और ट्रॉयबल वुडन आर्ट, भरथरी गाथा, नाचा और लोकनृत्य-गीत, आदिवासी नृत्य एवं गीत, सेंड आर्ट, धान ज्वेलरी एवं ड्राई फ्लॉवर, ढोकरा शिल्प, वाद्ययंत्र प्रशिक्षण एवं मेकिंग, टेराकोटा एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन आदि विधाओं में ख्याति प्राप्त पारंगत कला गुरूओं द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा, सेक्टर-27, व्यावसायिक परिसर, द्वितीय तल, नवा रायपुर अटल नगर के कार्यालयीन समय में संस्कृति विभाग एवं E-mail: sanskriti.rajbhasha@gmail-com, वेबसाइट www.cgculture.in से प्रशिक्षण शिविर संबंधित जानकारी और आवेदन प्रारूप भी डाउनलोड किया जा सकता है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित कलाओं को समापन दिवस के अवसर पर परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा तथा प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा।

# आग उगलते शहर में कश्मीर की ठंडक का एहसास दृश्य ऐसे कि दो पल के लिए कदम ठिठक जाएं



*"तपती धूप से शहर का टेम्प्रेचर जहां 45 डिग्री पार है, वहीं भाठागांव में डिज्नीलैंड मेले में कश्मीर की ठंडक का एहसास कराने के लिए 34 एसी लगाए गए हैं। इससे मेले में एंट्री करते ही लोगों को मनोहारी दृश्यों के बीच 15 डिग्री टेम्प्रेचर मिलने से कश्मीर में होने जैसा सुखद अहसास हो रहा है। कश्मीर की सुंदर वादियों में आने के बाद लोग खुद को उस वातावरण में पा रहे हैं। बच्चे स्नो फॉल को देखकर झूमते-नाचते लुत्फ उठा रहे हैं। सेल्फी जोन में लोग फोटो खिचाकर यादें संजो रहे हैं। कश्मीर सिटी में यादों का पिटारा है, जो प्रकृति की सुंदरता को दर्शा रहा है।"*



**रायपुर।** इन दिनों भाठागांव मैदान स्थित डिजनीलैंड मेला सुर्खियों में है, जहां कश्मीर थीम पर प्रदर्शनी का आयोजन शहर में लोगों के लिए किया गया है। प्रदर्शनी में झरना, पहाड़, बर्फ, स्नोफॉल, शेर, पेंग्विन, बंदर, भालू वेल, बर्फ से ढका घर भी डेकोरेट किया गया है। ठंडक शहरवासियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुई है। इसमें रोज 2000-2500 लोग केवल कश्मीर की वादियों का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं। मेला स्थल पर देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यापारियों ने स्टॉल भी सजाए हैं, जहां एक से बढ़कर एक साज-श्रृंगार की सामग्री भी मिल रही है। इस आकर्षक माहौल का लुत्फ उठाने के लिए सुबह की अपेक्षा शाम को ज्यादा लोग पहुंच रहे हैं। फैमिली के साथ मेले में जाने वाले लोगों को मनोहारी दृश्यों के बीच सेल्फी बनाने की होड़ मच रही है।

### शहर में पहली बार स्क्रीन टॉवर झूला

पहली बार कोरिया का 'स्क्रीन टॉवर' झूला रायपुर में लगाया गया है, जो पूरे एशिया का पहला अनोखा झूला है। मेला प्रबंधक श्री मेहता ने बताया कि कोरिया देश की तर्ज पर 16 सीटर झूला तैयार किया गया है, जिसे दिल्ली के कारीगरों द्वारा लोगों की सेफ्टी को ध्यान में रखकर बनाया गया है। झूला 200 फीट ऊंचा है, जिसके ऊपर से रायपुर सिटी का नजारा बेहद सुंदर दिखता है। लोगों के मनोरंजन के साथ सेफ्टी के लिए लोप और सेफ्टी बेल्ट का इंतजाम है। इस झूले का शुल्क 100 रुपए प्रति व्यक्ति है, जो मेले का सबसे महंगा और लोकप्रिय झूला है।

### सेल्फ जोन का हर वर्ग में बढ़ा क्रेज



डिज्नीलैंड मेले का गेट विशेष थीम के साथ तैयार किया गया है। गेट पर ही लोगों का स्वागत राजस्थानी संगीत एवं लोकनृत्य के साथ किया जा रहा है। वहीं लोगों के मनोरंजन के लिए कठपुतली नृत्य एवं नाटक का मंचन किया जा रहा है। इसमें भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। मेले के बीच लोग कठपुतली और राजस्थानी पोशाक में मौजूद कलाकारों के साथ फोटो खिंचाते नजर आए। वहीं एंट्री गेट पर स्नो फॉल से लोगों को खुशी का अहसास हो रहा है। कश्मीर सिटी का डेकोरेशन के साथ ही बच्चे मनमौजी अंदाज में सेल्फी लेते नजर आए।




### 12 हजार वर्गफीट में कश्मीर सिटी

मेला में कश्मीर सिटी और स्क्रीन टॉवर आकर्षण का केंद्र हैं, जो रायपुरियंस को एक नया अनुभव करा रहे हैं। मेला प्रबंधक जिमी मेहता ने बताया कि कश्मीर सिटी 12 हजार वर्गफीट में फैला हुआ है, जहां कश्मीर के रहन-सहन और सुंदरता को दर्शाया गया है। मैदान में कश्मीर-सा नजारा तैयार करने के लिए बेंगलुरु के कारीगरों को बुलाया गया है। उन्होंने 2-3 माह में यह सेटअप तैयार किया है। साथ ही समय-समय पर स्नो फॉल और माइनस डिग्री में 34 एसी की ठंडक कश्मीर सिटी का अहसास दे रही है।

**धर्म लाइव**

## अतरंग से वहिरंग होकर भक्तों को आनंद देते हैं परमात्मा



- विधानसभा आवासीय परिसर में श्रीमद भागवत

**रायपुर।** विधानसभा आवासीय परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत की दिव्य अमृतमयी कथा का विस्तार करते हुए श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर से पधारे स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने बताया कि निर्गुण से सगुण होना ही अवतार कहलाता है। परब्रह्म परमात्मा अपने भक्तों पर अनुग्रह करने के लिए निर्गुण से सगुण, निराकार से साकार, व्यापक से व्याप्य, अपरिछिन्न से परिछिन्न एवं अंतरंग से वहिरंग होकर भक्तों को आनंद देते हैं। यही भगवान के अवतार का रहस्य है। वसुदेव जी ने शिशुभावापन्न श्री कृष्ण को गोद में ले लिया, सारे बंधन टूट गए, ताले खुल गए, कपाट ने भी मार्ग दे दिया, द्वारपाल सो गए, मथुरावासी गाढ निद्रा में मग्न हो गए। विमुखजन मोहिनी माया ने सबको सुला दिया। वसुदेव की गोद में बैठकर भगवान गोकुल के लिए चल पड़े, यमुना जी की बाढ़ भी उनके मार्ग में बाधा उत्पन्न नहीं कर सकी, भगवान हृदय में विराजमान हो अथवा भक्त के साथ हो तो बाधा किस बात की? वसुदेव जी गोकुल से माया को लेकर चल पड़े कृष्ण रोने लगे भक्त मुझे छोड़कर माया लेकर जा रहा है। वास्तव में भगवान के रोने का यही रहस्य है कि भक्तों को रोकर के भी जगाया जाए, तो वह भी करने के लिए भगवान तैयार रहते।

### भक्तवत्सलता और भक्तवश्यता को रेखांकित किया

सुधि वक्ता ने इसके पूर्व वामन चरित्र समुद्र मंथन की लीला तथा गजेंद्र मुक्ति की दिव्य अमृतमयी कथा को बड़े सुंदर ढंग से प्रस्तुत करते हुए भगवान की भक्तवत्सलता और भक्तवश्यता को रेखांकित किया। कथा के पूर्व यजमान प्रभाकर मिश्र एवं सुलोचना मिश्र ने पोथी का पूजन कर आरती की। शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वानों ने कर्मकांड की विधि को संपन्न कराया आज की कथा में मुख्य रूप से अरविंद मिश्रा महेंद्र तिवारी सूर्या महाराज तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शौर्य के सम्मान में बंगाली महिलाओं का काली मंदिर के सामने 'सिंदूर खेला'



**रायपुर।** सैलानियों के सामने पहलगाम में सुहागिनों का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियों के खिलाफ सेना के शौर्य प्रदर्शन को महिला समूह भी जश्न की तरह सेलिब्रेट कर रहा है। इस श्रृंखला में गुरुवार की शाम कालीबाड़ी महिला समिति की मेंबर्स ने कैम्पस में स्थित कालीमाता मंदिर के सामने एक अनूठा आयोजन किया। आमतौर पर काली पूजा या अन्य पारंपरिक उत्सवों में ही बंगाली महिलाएं सिंदूर खेला खेलती हैं, लेकिन जवानों के पराक्रम का स्वागत करते हुए देशभक्ति के जज्बे की शान में सिंदूर खेला किया। इस आयोजन को सफल बनाने में ममता राय, बबीता सेनगुप्ता, डॉ. बबली दत्ता और ताप्सी दत्ता ने सहयोग दिया। उन्होंने बताया कि बंगाली महिलाएं सिंदूर को सुहाग और शौर्य का प्रतीक मानती हैं। इस लिहाज से सिंदूर खेला की परंपरा निभाई गई।

### भक्तिमय माहौल में किया समापन





इसके चलते कालीमाता मंदिर में शाम की आरती से पहले सेना के शौर्य के सम्मान में सिंदूर खेला के चलते उत्साह का माहौल रहा। जहां सुहागिनों ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाते हुए देश के वीर सपूतों का मान बढ़ाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया। उत्सव के चलते कालीबाड़ी कैम्पस में करीब दो घंटे तक रेणु नंदी, शीला सरदार ने बताया कि सिंदूर खेला के बाद सभी मेंबर्स ने कालीमाता की आरती में शामिल हुई। इसके बाद भक्तिमय माहौल में इस आयोजन का समापन किया गया।

## गौ सेवकों को सहयोग, महिलाओं को दे रहे काम, हर महीने वर्कशॉप

- रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ऐलिगेंस ने मनाया चार्ट्स डे, पेश किया लेखा-जोखा

**रायपुर।** कई ऐसी संस्थाएं शहर में हैं, जो गौमाता की सेवा का दायित्व निभाती हैं। महिलाओं के कई ऐसे ग्रुप हैं, जो कामकाजी महिलाओं और गृहिणियों को घर बैठे आर्थिक आय अर्जित करने के लिए सिलाई भी सिखाती हैं। ऐसे समूहों को रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ऐलिगेंस द्वारा सहयोग दिया जाता है। गौ सेवकों को जहां गौशाला संचालन में सहयोग दिया जाता है, वहीं महिलाओं को काम देने के लिए सिलाई मशीन भी डोनेट करते हैं। इससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। कुछ इसी तरह का लेखा-जोखा गुरुवार को पंडरी स्थित एक होटल में रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ऐलिगेंस द्वारा पेश किया गया। मौका भी खास था, क्योंकि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ऑफिशियल क्लब विजिट एवं चार्ट्स डे का हिस्सा बनें। इस आयोजन में प्रांतपाल रोटेरियन अखिल मिश्रा के सामने वार्षिक गतिविधियों का प्रेजेंटेशन दिया गया।



### सेवा के क्षेत्र में काम करने का अवसर

क्लब की गतिविधियों के बारे में जानने के बाद उन्होंने सराहना करते हुए क्लब के मेंबर्स से परियोजनाओं को लेकर चर्चा की गई। क्लब की सेक्रेटरी रोटेरियन साक्षी अग्रवाल ने सालभर की गतिविधियों पर रोशनी डालने के साथ जानकारी दी। क्लब की प्रेसिडेंट रोटेरियन मनीषा अग्रवाल ने कहा कि क्लब का यह महत्वपूर्ण आयोजन है, जो क्लब के मेंबर्स को एक साथ सेवा के क्षेत्र में सोचने और काम करने का अवसर प्रदान करता है। असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन मीनाक्षी जैन ने भी क्लब द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों को सराहा।

### व्यक्तित्व विकास के लिए करता है काम

वहीं एडवाइजर रोटेरियन विनय अग्रवाल ने क्लब में अधिक से अधिक नए मेंबर्स को लाने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही आगामी रोटरी वर्ष में और बेहतर काम करने की बात कही। इस अवसर पर क्लब के एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी ने केक काटकर चार्ट्स डे को सेलिब्रेट किया। चेयरपर्सन रोटेरियन मेघा अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब व्यक्तित्व विकास के लिए काम करता है। इसी प्रकार क्लब सेवा और नेतृत्व के लिए प्रतिबद्ध करता है। कार्यक्रम में रोटेरियन रश्मि मित्तल, प्राची अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल, नीतू सिंघानिया प्रमुख रूप से शामिल थीं।

*असमर्थता दुनिया के हर कोने में विद्यमान है*

## तनावमुक्त जीवन जीने असमर्थता अभाव और असफलता से सबक लें



**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में विशेष पारिवारिक प्रवचन श्रृंखला तनावमुक्त जीवन की ओर एक संस्कारित पहल के अंतर्गत उपाध्याय भगवंत मनीष सागर महाराज ने सातवें दिन गुरुवार को जीवन में तनावमुक्त रहने का मूलमंत्र देते हुए बताया कि जीवन में हमें तीन चीजों से हमेशा सीख लेनी है। पहली, असमर्थता, दूसरी, अभाव और तीसरी है असफलता। तनावमुक्त जीवन जीने के लिए आपको इन तीनों से जूझना होगा और आगे बढ़ते जाना होगा, इनसे दुखी होने की जरूरत नहीं है। आप चाहे तो इन्हें अपनी ताकत बना सकते हैं। गुरु भगवंत कहते हैं कि असमर्थता दुनिया के हर कोने में विद्यमान है। दुनियाभर के महान खिलाड़ी, कलाकार, गीतकार, संगीतकार, राजनीतिज्ञ, जो आज समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं, सभी एक समय शीर्ष पर रहते हैं, लेकिन उस जगह पर रहते-रहते उन्हें यह पता रहता है कि उनकी कमजोरी क्या है। सब में एक असमर्थता रहती है, जिससे वे वाकिफ रहते हैं।

**कुछ कमी जरूर रहती है:** गुरु भगवंत कहते हैं कि दुनिया में जितने भी ज्ञानवान, धनवान और ताकतवर व्यक्ति हैं, सभी के जीवन में कुछ न कुछ कमी जरूर रहती है। आज हम कहते हैं कि हमारे पास समय नहीं है, हमारे पास सुविधा नहीं है, जिसके चलते हम अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। एक ऐसा व्यक्ति, जिसका किसी एक्सीडेंट में हाथ कट गया हो, वह भी यह सोचता है कि ठीक है, कम से कम मेरा जीवन तो बच गया और इसी सोच के साथ वह आगे बढ़ता चला जाता है।

### कराई 18 अभिषेक पूजा

मेघराज बेगानी, धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष, धर्मराज बेगानी एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अजय कानूगा ने बताया कि गुरु भगवंतों की पावन निश्रा में प्रवचन के बाद 10 बजे अठारह अभिषेक पूजा हुई। पूजन के विधिकारक श्री विमल जी गोलछा एंड पार्टी रहे। पूजा के पश्चात सभी ने स्वामी वात्सल्य का लाभ लिया। धर्मराज बेगानी ने बताया कि 9 मई को सुबह 7 बजे धनराज जी बेगानी के निवास से बाजे-गाजे के साथ चतुर्विद संघ ध्वजा मंदिर तक लाएगी। मंदिर में सत्तर बेदी पूजा के बाद ध्वजा चढ़ाई जाएगी, जिसके लाभार्थी परिवार धनराज जी बेगानी हैं।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH
(Biology, Maths, Commerce)
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
- Spoken English & Personality Development
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
- Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
- Monthly Seminars & Interactive Discussions
- Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
- Creative Classrooms & Play-Based Education
- Sports, Arts & Music for Holistic Growth
- Safe & Nurturing Environment
- Interactive Events & Competitions
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
Register Now at www.rpsraipur.com
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Contact to Add Your School - 79871-19756

## सिटी स्पोर्ट्स

### जिला स्तरीय शतरंज चयन स्पर्धा 11 मई से राजधानी में



**रायपुर।** रायपुर जिला शतरंज संघ और चेस शाला के संयुक्त तत्वाधान में आयु वर्ग 7, 11 और आयु वर्ग 15 बालक बालिका शतरंज चयन स्पर्धा का आयोजन 11 और 12 मई को रायपुर स्थित रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल में होगा। उक्त स्पर्धा में केवल रायपुर जिला के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। स्पर्धा क्लासिकल फॉर्मेट में स्विस लीग पद्धति से खेली जाएगी। जिसमें खिलाड़ियों को 30 मिनट तथा प्रत्येक चाल पर 30 सेकेंड का इंक्रीमेंट मिलेगा। आयु वर्ग 7 व 11 के चयनित 2-2 खिलाड़ी (2 बालक व 2 बालिका ) का चयन आगामी राज्य स्तरीय चयन स्पर्धा के लिए किया जाएगा। वही आयु वर्ग 15 के लिए भिलाई में 17 से 20 मई तक आयोजित राज्य चयन स्पर्धा के लिए चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के संयोजक फीडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव है तथा मुख्य निर्णायक सीनियर नेशनल ऑर्बिटर अनूप झा रहेंगे। सहयोगी के रूप में हेमा नागेश्वर, तुषार गुप्ता, अक्षत महोबिया व प्राची यादव रहेंगी। स्पर्धा के लिए आयु वर्ग 7 में 1 जनवरी 2018 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी भाग ले सकते है। आयु वर्ग 11 में 1 जनवरी 2014 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी तथा आयु वर्ग 15 में 1 जनवरी 2010 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता की जानकारी हेतु अनूप झा व रोहित यादव से संपर्क किया जा सकता है।

### आल इंडिया ओपन कराटे में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने जीते 8 स्वर्ण



**भिलाई।** झारखंड रांची के ठाकुर विश्वनाथ सहदेव इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में दूसरी कराटे चैंपियनशिप स्पर्धा रखी गई। जहां फिनिक्स शितोरियो कराटे डो एसोसिएशन इंडिया के बैनर तले एलिट कराते अकैडमी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। सिको काई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के तत्वावधान में 3 और 4 मई को हुई स्पर्धा में सेकंड सिको काई आल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में देश के अलग-अलग राज्यों से आए लगभग 400 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जहां छत्तीसगढ़ की इस्पात नगरी भिलाई से फिनिक्स शितोरियो कराटे डो एसोसिएशन इंडिया के बैनर तले एलिट कराते अकैडमी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। जहां सभी खिलाड़ियों ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए इस चैंपियनशिप में ओवर आल फर्स्ट रनर अप का खिताब हासिल कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। यह सभी खिलाड़ी हैंशी अमल तालुकदार, शिहान दीपक गुप्ता और सेंसाई एनके कुशवाहा के कुशल मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस चैंपयनशिप में विशाल कुशवाहा ने एक कुशल टीम कोच की भूमिका का प्रदर्शन किया। इस प्रतियगिता में भिलाई से मानवी साहू कांस्य पदक, स्वरा गुप्ता रजत पदक, अविशी भट्ट 2 कांस्य पदक, वेदांता साहू स्वर्ण पदक, कशिका देवांगन रजत पदक, आद्या भट्टाचार्य 2 कांस्य पदक, चेतना साहू स्वर्ण पदक, संजीवनी जना रजत और कास्य पदक, वंश थोर कांस्य पदक, गणेश शर्मा कांस्य पदक, वेद केशरी रजत और कांस्य पदक, ओम उपाध्याय स्वर्ण पदक और कांस्य पदक, जय विश्वकर्मा स्वर्ण पदक और कांस्य पदक, सानिध्य चंद्राकर स्वर्ण पदक और रजत पदक, अर्पित साहू स्वर्ण पदक, वरुण कुमार वर्मा स्वर्ण पदक, मिहीर प्रधान कांस्य पदक, सत्यजीत जना कांस्य पदक, श्रेयस कुमार रजत पदक और कांस्य पदक, धीरज स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

### रंजीता-देवबती की बदौलत खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ टॉप फोर में



**रायपुर।** 7वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ प्रदेश की जूडो टीम ने पदक तालिका में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर राज्य को गौरवान्वित किया है। छग प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के माध्यम से संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि -52kg वर्ग में बस्तर की रंजीता कुरेती ने स्वर्ण पदक, -40 किग्रा में 5वी पोजीशन एवं बस्तर की हेमवती नाग को 7 वीं पोजीशन प्राप्त हुई थी जिसके कारण से 26 राज्यों की टीम में छत्तीसगढ़ ने रनर अप के रूप में चतुर्थ स्थान अर्जित कर ट्रॉफी प्राप्त की है। श्री मेमन एवं श्री द्विवेदी ने आगे बताया कि राज्य की जूडो खिलाड़ियों में बालिकाओं का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। श्री द्विवेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन यदि सहयोग करता है तो निश्चित रूप से ही राज्य के जूडो खिलाड़ी अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता खेलने का मौका प्राप्त कर सकते हैं। राज्य की खिलाड़ियों की उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की है।

### देश में ब्लड प्रेशर के मरीजों की बढ़ रही तादाद

# आपके रूटीन की ये खराब आदतें बना सकती हैं ब्लड प्रेशर का मरीज, आज ही हो जाएं सावधान

हाई ब्लड प्रेशर एक ऐसी समस्या है जिससे हार्ट अटैक जैसी गंभीर और जानलेवा समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। कई बार ये समस्याएं हमारी ही कुछ गलत आदतों की वजह से होती हैं। आइए इस लेख में कुछ ऐसी ही आदतों के बारे में जानते हैं।

हाई ब्लड प्रेशर आज के समय में एक आम स्वास्थ्य समस्या बन गया है। कई बार इसे 'साइलेंट किलर' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके शुरुआती लक्षण ऐसे होते हैं जिसे आमतौर पर इंसान ध्यान नहीं दे पाता है। यह धीरे-धीरे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों जैसे हृदय, किडनी और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाता रहता है। हाई ब्लड प्रेशर के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें आनुवंशिकी, उम्र और कुछ मेडिकल कंडीशन शामिल हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि इन सब के अलावा हमारी कुछ आदतें भी ऐसी होती है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर का खतरा काफी बढ़ जाता है।

जिन लोगों की लाइफस्टाइल खराब होती है उन्हें अक्सर ब्लड प्रेशर बढ़े रहने या कम होने की समस्या हो सकती है। आइए ऐसी ही कुछ सामान्य आदतों पर नजर डालते हैं जो हाई ब्लड प्रेशर का कारण बन सकती हैं। अगर आप भी इनमें से किसी भी आदतों के शिकार हैं, तो आज ही सावधान हो जाएं और उनमें बदलाव लाने की कोशिश करें।



#### संतलित आहार न लेना

हम क्या खाते हैं, इसका सीधा असर हमारे ब्लड प्रेशर पर पड़ता है। अत्यधिक नमक का सेवन उच्च रक्तचाप का सबसे बड़ा दुश्मन है। ज्यादा नमकीन स्नैक्स, पैकेटबंद खाना, फास्ट फूड और तला-भुना भोजन में सोडियम की मात्रा बहुत होती है, जो ब्लड प्रेशर बढ़ा सकता है। रेड मीट का अधिक सेवन और फल-सब्जियों की कमी भी इसका कारण बनती है। असंतुलित खानपान वजन बढ़ाता है और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है।

#### सेडेंटरी लाइफस्टाइल (शारीरिक गतिविधि की कमी)



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बहुत से लोग घंटों कुर्सी पर बैठे रहते हैं या शारीरिक मेहनत से बचते हैं। नियमित व्यायाम या किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी न करना 'सेडेंटरी लाइफस्टाइल' कहलाता है। शारीरिक गतिविधि की कमी से वजन बढ़ता है, मांसपेशियां कमजोर होती हैं और हृदय को ठीक से काम करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ऐसे में व्यायाम हृदय को मजबूत बनाता है और रक्तचाप को कंट्रोल रखने में मदद करता है।

#### मानसिक तनाव की समस्या पर ध्यान न देना

तनाव हमारी जिंदगी का हिस्सा है, लेकिन क्रॉनिक या लंबे समय तक रहने वाला तनाव ब्लड प्रेशर के लिए खतरनाक हो सकता है। तनाव की स्थिति में शरीर स्ट्रेस हार्मोन (जैसे कोर्टिसोल) रिलीज करता है, जिससे हृदय गति बढ़ती है और रक्त वाहिकाएं सिकुड़ती हैं। यदि तनाव लगातार बना रहता है तो यह धीरे-धीरे हाई ब्लड प्रेशर का स्थायी कारण बन सकता है। ऐसे में तनाव को नियंत्रित करके रक्तचाप को भी कंट्रोल किया जा सकता है, इसके लिए योग, ध्यान जैसे अभ्यास सहायक हैं।



#### पूरी नींद न लेना

पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता वाली नींद हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। जब हम सोते हैं, तो हमारा शरीर स्ट्रेस हार्मोन को रेगुलेट करता है और रक्तचाप को नियंत्रित करता है। नींद की कमी या बार-बार नींद का टूटना इन प्रक्रियाओं को बाधित करता है। लंबे समय तक पर्याप्त नींद न लेने से ब्लड प्रेशर बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में वयस्कों के लिए कम से कम 7-8 घंटे की अच्छी नींद जरूर लेनी चाहिए।



## गर्मी में ठंडक दे सकते हैं होम डेकोरेशन आइडियाज

गर्मी में घर को ठंडा रखना थोड़ा मुश्किल टास्क तो है, लेकिन आप हल्के रंग, हवादार कपड़े, पौधे आदि चीजें इस्तेमाल करके अपने घर को ठंडा, शांत और सुंदर बना सकती हैं। यह गर्मी के मौसम के लिए बिल्कुल सही साबित हो सकता है। आइए, घर को बाहर की दुनिया की तरह खुशनुमा बनाने के लिए एक्सपर्ट से इस बारे में जान लेते हैं।

गर्मी का मौसम आते ही हम सभी चाहते हैं कि हमारा घर ठंडा और आरामदायक रहे। सिर्फ AC और कूलर ही नहीं, बल्कि आपके घर का डेकोरेशन भी इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। कुछ आसान बदलाव करके आप अपने घर को गर्मी में ठंडक का एहसास दिला सकते हैं। साथ ही, उसे एक एलिगेंट और स्टाइलिश लुक भी दे सकते हैं। तो अगर आप भी इस गर्मी अपने घर को ठंडा और खूबसूरत बनाने के लिए एक्सपर्ट के हिसाब से होम डेकोरेशन आइडियाज की तलाश में हैं, तो यह लेख आपके लिए है। आइए रबयाना डिजाइन के सीईओ और संस्थापक अभय गुप्ता से उन खास टिप्स के बारे में जानते हैं, जिनसे आपका घर गर्मी में भी शांत और आकर्षक लगेगा।

#### गर्मी में घर को ठंडक देने के लिए घर को कैसे डेकोरेट करें?



गर्मी में ठंडक पाने के लिए हल्के और शांत रंग जैसे सफेद, हल्का ग्रे या क्रीम इस्तेमाल करें। दीवारों और बड़े फर्नीचर के लिए ये रंग अच्छे रहेंगे। थोड़ी गर्मी और गहराई लाने के लिए कुशन और पतली चादरों जैसे छोटे सामान में हल्के भूरे रंग का इस्तेमाल करें।

#### हल्के कपड़े इस्तेमाल करें

सर्दियों के मोटे कंबल और मखमली कुशन हटा दें। उनकी जगह हल्के कपड़े जैसे कॉटन, लिनेन और बुने हुए कपड़े इस्तेमाल करें। सोफे पर हल्की चादर डालें या नए, हल्के डिजाइन वाले कुशन कवर लगाएं। प्राकृतिक कपड़ों से बनी चीजें घर को आरामदायक और अलग दिखाती हैं।

#### कम चीजें रखें

गर्मी के लिए घर को साफ-सुथरा रखें। जो चीजें काम की नहीं हैं या जिनका कोई मतलब नहीं है, उन्हें हटा दें। इससे घर खुला और हवादार लगेगा, और आपकी सजावट अच्छे से दिखेगी। ध्यान रखें कि घर में आसानी से घूम सकें।



#### हाथ से बनी चीजें दिखाएं

हाथ से बनी सुंदर चीजें जैसे मिट्टी के फूलदान, लकड़ी की ट्रे या कारीगरों की सजावट घर में रखें। इससे घर असली और खास लगेगा। जो लोग हाथ से चीजें बनाते हैं, उनसे सामान खरीदने से आपका घर तो अच्छा लगेगा ही, साथ ही यह टिकाऊ जीवन जीने का भी एक तरीका है।

## सपने में हाथी देखने से आ सकते हैं जीवन में बदलाव



सपने में किसी भी जानवर को देखना अपने जीवन में आने वाले कुछ बदलावों का संकेत हो सकता है। ऐसे ही अगर आपको कभी सपने में हाथी दिखाई देता है तो इसके आपके जीवन में क्या मतलब हो सकते हैं। इसके बारे में यहां जानें।

#### सपने में हाथी की परेड देखना

हाथियों का सपना आपके जीवन के लिए कई अलग-अलग रूप ले सकता है, लेकिन प्रत्येक में अद्वितीय प्रतीकवाद होता है जो आपकी कल्पना को पकड़ सकता है। सबसे लोकप्रिय सपनों में से एक है हाथी की परेड देखना है। इस सपने में हाथियों की एक परेड शक्ति, सद्भाव और खुशी का प्रतिनिधित्व करती है। इसके अतिरिक्त, हाथी की परेड का सपना देखना इस बात का संकेत हो सकता है कि आप अपने दैनिक जीवन में एक खुशहाल, सहयोगी या महत्वपूर्ण समय से गुजार रहे हैं।

#### हाथी द्वारा आपका पीछा करने का सपना

हाथी का आपका पीछा करने का सपना देखना जिज्ञासा और भय के मिश्रण को दिखाता है। यह स्थिति अक्सर आपके अवचेतन मन में आपके चेतन जीवन में कठिनाइयों की स्वीकृति को दर्शाती है। आपके पीछे भागते हुए हाथी उन जरूरी मुद्दों का भी प्रतीक हो सकते हैं जिनसे आप बचने की कोशिश कर रहे हैं।

ज्योतिष में हाथी का पीछा करना बाधाओं का सामना करने और उनसे भागने की कोशिश करने के बजाय सकारात्मक समाधान निकालने की याद दिलाता है। सपने में हाथी द्वारा आपका पीछा करने का एक अर्थ यह भी है कि कुछ लोग या बाधाएं आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने से रोक रही हैं। यदि आप लोगों से छुटकारा पा सकते हैं और बाधाओं को पार कर सकते हैं तो आपके जीवन के लक्ष्य किसी न किसी बिंदु पर वास्तविकता बन सकते हैं।

#### सपने में हाथी के बच्चे को देखना

हाथी के बच्चे का सपना देखना पवित्रता, खुशी और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। ज्योतिष में हाथी के बच्चे का सपना आपके रचनात्मक पक्ष, पोषण की प्रवृत्ति या आपके जीवन में एक फलदायी चरण की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब आप हाथी के बच्चे का सपना देखते हैं, तो यह एक संकेत हो सकता है कि आपको अपनी स्वाभाविक जिज्ञासा, उत्साह और विकास की क्षमता को अपनाना चाहिए। हाथी के बच्चे का सपना यह भी संकेत दे सकता है कि आप अपनी छोटी-छोटी समस्याओं को ज्यादा महत्वपूर्ण बना रहे हैं।

## किचन में लगी चिमनी पर जमी चिकनाई हटाए



किचन में लगी हुई चिमनी खाने से निकलने वाले तेल और मसालों की वजह से काफी चिकनी हो जाती है। ऐसे में कभी-कभी उसपर जमा जिद्दी ऑयल साफ नहीं होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आपको एक आसान सी ट्रिक अपनानी चाहिए, जिससे चिमनी पर जमा चिकनाई बाहर निकल कर आ जाएगी। है।

इसके लिए आपको एक बर्तन में मार्केट से लेकर लिक्विड सोडा डालना है। अब आप उसमें थोड़ा वाशिंग पाउडर डालकर मिक्स करें। इसके बाद आपको आधा नींबू निचोड़ देना है। ऐसा करने के बाद चिमनी के फिल्टर निकाल लें।इस घोल में आपको छोटा ब्रश डिप करना है।फिर चिमनी पर जमा चिकनाई को हल्के हाथों से रगड़ना है।इसके बाद कोई साफ सूखा हुआ सूती कपड़ा लेकर उससे चिमनी को पोंछ देना है।

#### चिमनी को साफ करने के अन्य तरीके

आप चिमनी की सफाई यदि हर हफ्ते करेंगी तो आप उसे नार्मल क्लीनर से भी साफ कर सकती हैं। इसके अलावा आप गर्म पानी में वाशिंग पाउडर और बेकिंग सोडा डालकर भी चिमनी और जमा तेल को साफ कर सकती हैं। एल्युमिनियम फॉयल के टुकड़े लेकर उसको चिमनी पर रगड़ें। ऐसा करने से भी चिमनी की गंदगी साफ हो जाती है। आप चिमनी के फिल्टर निकालकर उसको लोहे स्क्रबर और लिक्विड डिश वॉश से क्लीन करें।















# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### टेलीविजन सीरिज से करियर शुरू करने वाले जॉर्ज ने निभाए कई यादगार किरदार



हॉलीवुड एक्टर जॉर्ज क्लूनी ने लगभग 45 साल के अपने एक्टिंग करियर में कई फिल्मों में अभिनय किया, साथ ही कुछ चर्चित फिल्में निर्देशित भी की हैं। जॉर्ज क्लूनी का जन्म अमेरिका के लेक्सिंगटन, केंटकी में हुआ। मां नीना ब्रूस अपने समय की ब्यूटी क्वीन रहीं, वहीं पिता निक क्लूनी नामी टेलीविजन होस्ट और जर्नलिस्ट थे। बड़े होकर जॉर्ज क्लूनी भी पिता की तरह ही जर्नलिस्ट बनना चाहते थे, उन्होंने जर्नलिज्म की पढ़ाई भी की। आगे चलकर जर्नलिस्ट बनने का इरादा छोड़ दिया, जॉर्ज को लगता था कि पिता से उनकी तुलना की जाएगी। इसके बाद जॉज क्लूनी ने एक्टर बनने की तरफ कदम बढ़ा दिए। साल 1978 में जॉर्ज क्लूनी ने एक मिनी टेलीविजन सीरीज 'सेंटेनियल' में एक्सट्रा आर्टिस्ट का रोल करके एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल में नजर आए। साल 1994 में 'ईआर' नाम का एक मेडिकल ड्रामा सीरियल टीवी पर रिलीज हुआ, इसमें डॉ. रॉस का कैरेक्टर जॉर्ज क्लूनी ने निभाया, इस किरदार ने उन्हें चर्चित एक्टर बना दिया। कई सालों तक वह इस शो में नजर आए। इसी शो के दौरान फिल्मों में भी नजर आने लगे। जॉर्ज क्लूनी की पहली हॉलीवुड फिल्म 'डस्क टिल डॉन' थी। 1999 में टीवी शो 'ईआर' जॉर्ज क्लूनी ने छोड़ दिया और पूरी तरह से हॉलीवुड फिल्मों पर फोकस करने लगे। जॉर्ज क्लूनी ने कई हिट हॉलीवुड फिल्मों में काम किया, जिसमें 'डस्क टिल डॉन (1996)', 'कन्फेशंस ऑफ ए डेंजरस माइंड (2002)', 'थ्री किंग्स (1999)', 'अप इन द एयर (2009)', 'गुड नाइट, एंड गुड लक (2005)', 'सीरियाना (2005)' शामिल है। सबसे ज्यादा चर्चा जॉज क्लूनी की फिल्म 'ओशियंस इलेवन' (2001) को मिली, यह फिल्म तीन भागों में बनी। इस फिल्म को हॉलीवुड में जितना सराहा गया, भारतीय दर्शकों को भी यह फिल्म खूब पसंद आई।

## टॉलीवुड

### सामंथा ने शेयर कीं दिलकश तस्वीरें, साथ में बताई फिल्म 'शुभम' की रिलीज डेट



साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने सोशल मीडिया पर अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही कुछ तस्वीरें 'शुभम' फिल्म के क्रू मेंबर्स के साथ भी शेयर कीं, लेकिन फैंस के लिए सामंथा ने खास अपनी आगामी फिल्म 'शुभम' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है, जिसे लेकर एक्ट्रेस के फैंस बेहद खुश हैं। पहली तस्वीर में सामंथा व्हाइट शूट में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। इस एक तस्वीर में सामंथा के लुक के साथ खास दिखाई दिया उनका ईवील आई नेकलेस। साथ ही इस तस्वीर में सामंथा के करीब एक डॉगी भी बैठा हुआ नजर आ रहा है। दूसरी तस्वीर में सामंथा कुछ सोचती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कान दिखाई दे रही है। तीसरी तस्वीर में सामंथा के वेवी हेयर किसी का भी दिल जीत लेंगे। चौथी तस्वीर सूरजमुखी फूलों की है। पांचवीं तस्वीर में सामंथा प्लेन गोल्डन वर्क साड़ी में पोज देती नजर आ रही हैं।'

छठी तस्वीर सामंथा की आने वाली फिल्म 'शुभम' के क्लैप बोर्ड के प्रोडक्शन हाउस की है। सातवी तस्वीर में सामंथा हाथ में बुके लिए मुस्कुराती नजर आ रही हैं। आठवीं तस्वीर में सामंथा का एक वीडियो है, जिसमें वह सैम नाम के एक छोटे बैग में अपना मेकअप कैरी करती दिखाई दे रही हैं। नवी तस्वीर एक टोपी की है, जिसके ऊपर टीवी की खास तस्वीर दिखाई दे रही है। 10वीं तस्वीर में एक डॉगी किसी को परेशान करता दिखाई दे रहा है। 11वां एक वीडियो है, जिसमें सामंथा और एक लड़की बड़े ही ध्यान से कहीं देखती नजर आ रही हैं। 12वीं तस्वीर में सामंथा अपनी फिल्म 'शुभम' के क्रू मेंबर्स के साथ सेल्फी लेती दिखाई दे रही हैं। इसके अलावा बाकी की तस्वीरें 'शुभम' टीम की हैं। सामंथा की आगामी फिल्म 'शुभम' 9 मई को रिलीज होगी। इन तस्वीरों और वीडियोज के साथ सामंथा ने कैप्शन में लिखा, 'यह एक लंबी यात्रा रही है, लेकिन हम यहां हैं नई शुरुआत

## भोजपुरी

### 'कन्यादान 2' का ट्रेलर रिलीज, घरेलू कहानी में कई ट्विस्ट मिलेंगे दर्शकों को



भोजपुरी फिल्म 'कन्यादान 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें सुशील सिंह मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में सुशील सिंह एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं जो बच्चा न होने पर दूसरी शादी करता है और फिर तीसरी शादी भी करता है लेकिन अंत बहुत ही दुखद होता है।

भोजपुरी फिल्म 'कन्यादान 2' का ट्रेलर जारी हो गया है, जिसमें लीड रोल में सुशील सिंह नजर आ रहे हैं। वे एक ऐसे शख्स की भूमिका में हैं जो बच्चा न होने पर दूसरी शादी कर लेता है और इसके बाद तीसरी शादी की भी तैयारी कर रहा होता है। फिर कहानी कुछ ऐसे घूमती है कि अपनी पहली और दूसरी पत्नी को वो पत्नी के अधिकार से मुक्त कर देते हैं और कहानी में नया मोड़ तब आता है जब अलग होने के बाद पता लगता है कि दूसरी पत्नी मां बनने वाली है। उससे एक बेटी का जन्म होता है। जब ये खुशखबरी सुशील सिंह का किरदार को मिलती है तो वह बेटी का मुंह देखना तो चाहता है लेकिन दोनों बीवियां उन्हें पिता का अधिकार नहीं देना चाहती हैं।

बेटी माही बड़ी होती है और वो अपने पिता के लिए तरसती है जिसके बाद दोनों पत्नियां उसे रोक नहीं पाती हैं। अब जब बेटी की शादी की बारी आती है तो पिता अपनी बेटी का कन्यादान धूमधाम से करना चाहता है। इसके बाद कहानी कुछ ऐसे पलटती है कि पूरा घर मातम में बदल जाता है।

## भारतीय फैशन की झलक

लाइफ स्टाइल



नोएडा फिल्म सिटी में ड्रीम्ज प्रोडक्शन हाउस और दुबई ब्यूटी स्कूल का बहुप्रतीक्षित भारत डिज़ाइनर शो 2025 कई मायनों में अभूतपूर्व रहा। इसे भारतीय फैशन में अत्याधुनिक डिजाइन, सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मक उत्कृष्टता का एक शानदार उत्सव कहना बेहतर होगा। सेलिब्रिटी शो स्टॉपर ज़ोया अफ़रोज़ ने यहां रनवे की शोभा बढ़ाई, जिससे शो की अपील और बढ़ गई। इस शो में दर्शकों को आधुनिक क्लासिक शैलियों से लेकर भविष्य की अवधारणाओं तक, अत्याधुनिक रुझानों का शानदार दृश्य देखने को मिला।

# गर्मियां आते ही पैरों में होने लगी है टैनिंग, इन तीन घरेलू उपायों से बनाएं खूबसूरत

यदि आपके भी पैरों की स्किन गर्मियों में टैन होने लगती है, तो आपके लिए इससे बचाव के घरेलू तरीके लेकर आए हैं। जिनकी मदद से आप सनबर्न की वजह से खराब हो चुकी स्किन को सही कर सकती हैं। इन उपायों को आप कम बजट में और बिना मेहनत के ठीक कर सकती हैं। यानि आप घर पर रखी चीजों की मदद से ही अपने पैरों की त्वचा को ठीक कर सकती हैं। इन घरेलू उपायों को हमारे साथ इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट कुशाग्री व्यास ने शेयर किया है।



### बेसन और दही

यदि गर्मियों में आपके पैरों में बहुत ज्यादा टैनिंग हो गई है तो उसके लिए बेसन और दही एक बेहतरीन उपाय है। इसकी मदद से आप अपने पैरों की स्किन को निखार सकती हैं। इसके लिए आपको बेसन और दही के साथ इसमें गुलाब जल को मिक्स करके उसका एक गाढ़ा पेस्ट बना लेना है। अब आपको इस पेस्ट को अपने पैरों पर लगाएं और तब तक लगा रहने दें। जब तक ये सूख न जाए। सूख जाने के बाद इसको मालिश करते हुए हटा दें। ऐसा आप हफ्ते में दो बार कर सकती हैं।

### शुगर पाउडर

यदि सनबर्न की वजह से आपके पैर बहुत ज्यादा खराब हो गए हैं तो आपके लिए शुगर पाउडर यानि पिसी हुई चीनी बेस्ट रहेगी। चीनी हमारी स्किन से डेड सेल्स हटाने में मदद करती है। ऐसे में आप शुगर पाउडर में थोड़ा पानी या गुलाब जल मिक्स करके उससे पैरों पर स्क्रब करें। हल्के हाथों से करीब आपको 5 से 10 मिनट तक मसाज करनी है। इसके बाद आप इसे पानी से वॉश कर लें। यह प्रक्रिया आप हफ्ते में एक बार दोहराएं।

### कॉफी पाउडर

पैरों की टैनिंग दूर करने के लिए कॉफी पाउडर भी आपकी मदद कर सकता है। कॉफी में पाए जाने वाले एक्सफोलिएटिंग गुण सनबर्न से झुलस चुकी त्वचा को ठीक करता है। इसके लिए आपको एक कटोरी में कॉफी पाउडर लेना है। उसमें आप थोड़ा दूध और एलोवेरा जेल मिक्स करें। अब इसमें पानी मिक्स करके एक गाढ़ा पेस्ट बना लें और इसको अपने पैरों पर अप्लाई करें। सूख जाने के बाद इसे वॉश कर लें।

# छोटे हाइट वाली लड़कियों को अट्रैक्टिव लुक देंगे खास डिजाइनर सूट





छोटे हाइट वाली महिलाएं अक्सर इस बात को लेकर चिंतित रहती हैं, कि आखिर ऐसा क्या पहना जाए कि लुक अट्रैक्टिव नजर आए। कम हाइट वाले लोगों को अपना लुक क्रिएट करने में काफी परेशानी आती है। आखिर ऐसा क्या पहना जाए जो कि उनकी पर्सनालिटी पर सूट करें। वहीं बात अगर इंडियन लुक की हो, तो फिर तो और भी ज्यादा सोचना पड़ता है। अगर छोटी हाइट वाली लड़कियां अपने लुक को ग्लैमरस बनाना चाहती हैं, तो आपको कपड़े के डिजाइन को लेकर उसके रंग और पैटर्न सभी पर ध्यान देना पड़ता है। तब जाकर वह ऑउटफिट आपके लुक को ग्रेसफुल बनाएगा।

अगर आपकी भी हाइट कम है और आप अपने लुक को खूबसूरत बनाने का सोच रही हैं, तो आज हम आपको कुछ डिफरेंट डिजाइन वाले सूट लुक्स दिखाने जा रहे हैं। जिनसे आप इंस्पिरेशन लेकर अपना लुक स्टाइलिश बना सकती हैं। ऐसे में आप जब भी कभी सलवार-सूट लेने जाएं तो नीचे बताए गए इन टिप्स को जरूर फॉलो करें। ताकि आपका लुक आकर्षक दिखने के साथ कॉन्फिडेंस से भरा रहे।

### वर्टिकल प्रिंट सूट चुनें

अगर आपकी हाइट छोटी है तो आपको हॉरिजॉन्टल स्ट्राइप्स की जगह वर्टिकल प्रिंट कुर्ती को सलेक्ट कर सकती हैं। ऐसी कुर्तियां कैरी करने के बाद आपकी हाइट लंबी नजर आती है। साथ ही, इस प्रिंट की कुर्तियां काफी स्टाइलिश लुक भी देती हैं। इनको आप किसी फंक्शन में भी कैरी करके जा सकती हैं। इसमें आपको हर स्टाइल की कुर्ती मिल जाएंगी। यह आपको ऑनलाइन 300 से लेकर 1000 रुपये तक की कीमत में मिल जाएंगी।

### स्मॉल प्रिंट सूट लगेंगे बेस्ट

जिन लड़कियों की हाइट कम होती है उन्हें हमेशा स्मॉल प्रिंटेड वाले सलवार-सूट का चयन करना चाहिए। ऐसे सूट कैरी करने के बाद उनके लुक में काफी ग्रेसफुल नजर आता है। ऐसे सूट पहनने के बाद हाइट थोड़ी ज्यादा नजर आती है। ऐसे में यदि आपको अपना लुक अट्रैक्टिव बनाना है तो स्मॉल प्रिंट वाले सूट ज्यादा खरीदें। यह सूट आपको 500 से 800 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।

# मिनटों में पाएं बड़ी और खूबसूरत आंखें, आसान तरीके से अप्लाई करें आईलाइनर

मेकअप करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन जब भी आई लाइनर अप्लाई करने की बात आती है, तो हम अलग-अलग ट्रिक्स को ट्राई करते हैं। छोटी आंखों को बड़ा दिखाने के लिए भी आप कुछ आसान तरीकों के बारे में जानें। मेकअप करना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए कई सारे लोग ऑनलाइन वीडियो देखकर अपने मेकअप को फ्लॉलेस तरीके से करते हैं। वहीं कुछ लोग पार्लर जाकर मेकअप करवाना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लुक खराब नहीं होना चाहिए। लेकिन जब आई लाइनर लगवाने की बात आती है, तो हमें अक्सर दिक्कत होती है। कई बार तो लाइनर लगाते समय ही फैल जाता है। कई बार मोटा लग जाता है, तो इससे आंखे छोटी लगने लगती है। ऐसे में आप कुछ आसान तरीके से काजल को लगाएं, ताकि आपकी आंखें बड़ी नजर आए।

### छोटी आंखों पर लगाएं आईलाइनर

आपकी आंखें छोटी होती है। इसलिए ज्यादातर लोग अपनी आंखों पर काजल लगाना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। लेकिन



आप चाहें तो लाइनर को भी अपनी आंखों पर अप्लाई कर सकती हैं। इससे आपकी आंखे बड़ी नजर आएंगी। बस आपको कुछ आसान तरीके को ट्राई करना है। इससे आपको लाइनर लगाना भी सही तरीके से आ जाएगा।

### लिक्विड आईलाइनर करें इस्तेमाल

कई बार हम पेंसिल आईलाइनर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन आंखें अगर छोटी हैं, तो इसके लिए आप लिक्विड आईलाइनर का इस्तेमाल करें। इसमें कलर ज्यादा डार्क आता है। ऐसे में जब यह आईलाइनर आंखों पर लगता है, तो आंखे बोल्ड नजर आएंगी। आई लाइनर को लगाने के लिए पहले आप छोटे-छोटे डॉट को आंखों पर बनाएं। इसके बाद

# ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ खूब जचेंगे चोकर नेकलेस

अगर आप भी अपने ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ पहनने के लिए नेकलेस सेट तलाश रही हैं, तो खूबसूरत चोकर डिजाइन नेकलेस आपके लिए बेस्ट हो सकते हैं।

### खूबसूरत कुंदन स्टड नेकलेस सेट

अगर आप अपने घर के फंक्शन में लहंगा पहनने वाली है, तो अब आप अपने लहंगे लुक को गॉर्जियस और एलिगेंट टच देने के लिए इस खूबसूरत कुंदन स्टड नेकलेस सेट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस नेकलेस को आप ऑनलाइन खरीद सकती है या फिर अपने नजदीकी दुकान पर ऑर्डर देकर मंगवा सकती हैं।

### खूबसूरत ब्लैक स्टोन गोल्ड प्लेटेड चोकर नेकलेस

शादी वाले घर में अगर आप भीड़ से हटकर दिखाना चाहती हैं और सभी मेहमानों को खुश करना चाहती हैं, तो अपने आउटफिट के साथ इस खूबसूरत



ब्लैक स्टोन गोल्ड प्लेटेड चोकर नेकलेस डिजाइन को भी ट्राई कर सकती हैं। इस नेकलेस को पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। आपको यह नेकलेस ऑनलाइन मिल जाएगा।

कार्नर न्यूज

## दोस्त या भाई के इस्तेमाल किए फैशनेबल आइटम्स से दूर रहें तो बेहतर

# दूसरों के इन फैशनेबल आइटम्स को नहीं करना चाहिए इस्तेमाल, इसके पीछे की वजह भी जानिए

अपने दोस्त या भाई के फैशनेबल आइटम्स को पसंद करना चाहिए। यह अच्छी आदत है। मगर उनकी चीजों को पसंद करने का मतलब यह नहीं कि आप उन्हें हथिया लें। कई लोगों को जैसे ही किसी दूसरे की चीजें पसंद आती हैं, उसे लेकर पहन लेते हैं। जबकि ये सबसे बुरी आदत है।

यह आदत स्वास्थ्य के हिसाब से भी हानिकारक साबित हो सकती है। इसलिए आज हम उन चीजों के बारे में बात करेंगे जो भूलकर भी इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। जबकि हम लोग इन चीजों को बिना सोचे समझे एक झटके में पहन लेते हैं। ऐसा करने वाले भी काफी लोग हैं।

### क्यों उपयोग नहीं करना चाहिए?

पहली बात यह है कि यह अच्छी आदत नहीं। हमें कभी भी ऐसा नहीं करना चाहिए। दूसरी बात है स्वास्थ्य संबंधित। जी हां, इन चीजों के उपयोग से आपको संक्रमण हो सकता है। हालांकि आपको यह बात मजाक लगे लेकिन ऐसा करना



स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। चलिए अब हम उन चीजों के बारे में जान लेते हैं-

### चश्मा / सनग्लास

वायरस और बैक्टीरिया दोनों से ही आंखों में संक्रमण होते हैं। कंजक्टिवाइटिस, आंखों का लाल होना, आंखों में खुजली आदि संक्रमण आंखों में होते हैं। ये संक्रमण बहुत तेजी से फैल सकते हैं। इसलिए आंखों के बचाव के लिए हम चश्मा पहनते हैं।

मगर कई लोगों के चश्मे बहुत पसंद आते हैं। जैसे ही हम देखते हैं उस पर दिल आ जाता है। इसलिए उनके चश्मे / सनग्लास को आजमाने लगते हैं। मगर हमें कभी भी किसी दूसरे शख्स का चश्मा / सनग्लास नहीं पहनना चाहिए। अगर आपको आजमाना भी है तो इसके लिए दुकान चले जाएं। वहां से अपने लिए नया चश्मा लेकर आ जाएं।

### टोपी / कैप

सिर में होने वाले संक्रमण से अगर आप अवगत नहीं हैं तो हो जाएं। क्योंकि यहां से भी संक्रमण फैल सकता है। इसके लिए आपको अपनी आदत सुधारनी होगी। हम कई बार किसी दूसरे की टोपी / कैप को पहन लेते हैं।



अगर आप किसी दूसरे की टोपी / कैप पहनते हैं तो इससे इंफेक्शन हो सकता है। खासकर सिर में सबसे अधिक होने वाली समस्या डैंड्रफ भी आपके सिर में हो सकती है। इसलिए अपने लिए नई टोपी खरीद लें क्योंकि ये काफी सस्ती होती हैं।

### फैशनेबल मास्क

कोरोना काल में मास्क हमारे वार्डरोब का अहम हिस्सा हो चुका है। यह आने वाले कितने समय तक हमारे साथ रहेगा किसी को नहीं पता है। खैर हमें इसका पता नहीं लेकिन यह बात जान लें कि कभी भी किसी दूसरे शख्स का मास्क इस्तेमाल न करें।

घर में कई बार किसी दूसरे का रियूजेबल मास्क पसंद आने पर या अन्य किसी कारणवश हम इसे यूज कर लेते हैं। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए सबसे खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए आप भूलकर भी किसी दूसरे का मास्क उपयोग न करें।